kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-20 | रविवार, 16 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ साथ समाज में व्यवधान भी पैदा करती है इसलिए हाशिए पर रहने वाले समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता करना जरूरी है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है।

द्रौपदी मुर्मु



ड्रोन्स असेंबल करने में नहीं, सभी पुर्जे बनाने पर महारत ज़रूरी : राहुल 11

महाकुम्भ में नदी की स्वच्छता का बना वर्ल्ड रिकार्ड 12

## संक्षेप

### सीवीसी ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के बंगले की जांच के दिए आदेश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसके जीर्णोद्धार में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने जांच के आदेश दिए हैं। श्री केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते हुए जिस आवास में रह रहे थे सीवीसी ने उसकी जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के आधार पर दिया गया है। सीपीडब्ल्यूडी के इस रिपोर्ट में दिल्ली के सिविल लाइन्स में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार में अनियमितता का आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि इस बंगले को लेकर भाजपा ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान इसे शीश महल का नाम देकर आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल पर हमले किए थे।

### प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी को अवमानना का नोटिस

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीडब्ल्यूडी के रिटायर कर्मचारियों को पेंशन न देने पर प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी अजय चौहान को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जनपद प्रतापगढ़ के रघुराज एवं अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति मनीष कुमार की एकल पीठ ने दिया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2019 में दाखिल एक मामले में आदेश पारित करते हुए, वर्ष 2004 के बाद नियमित हुए कर्मचारियों के पूर्व की वर्कचार्ज सेवा को जोड़ते हुए पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ देने का आदेश दिया था। इसी आधार पर याचियों ने भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर पेंशन की मांग की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने भी वर्कचार्ज सेवा को जोड़ते हुए, पेंशन देने के लिए आदेश पारित किया, लेकिन आदेश का अनुपालन न होने पर याचियों की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई। मामले की अगली सुनवायी 24 मार्च के सप्ताह में होगी।

### जनरल चौहान ने एयरो इंडिया में कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं

**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भारत की विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक रक्षा साझेदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते हुए एयरो इंडिया 2025 में कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। जनरल चौहान ने मुख्य रूप से अमेरिका की पैसिफिक एयर फोर्स के कमांडर जनरल केविन बी शनाइडर, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर , संयुक्त अरब अमीरात के लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर अल अलावी , वियतनाम के मेजर जनरल डुओंग वान येन , फिजी के मेजर जनरल रो जोन कलौनीवाई लोगवातु, मलावी के जनरल पॉल वेलेन्टिनो फिरी, तंजानिया के लेफ्टिनेंट जनरल सलुम हाजी ओथमान और अल साल्वाडोर के वाइस एडमिरल एक्सॉन ओस्वाल्डो एसेनियो अल्बेनो के साथ बैठकें की।


# हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा काशी तमिल संगमम् : सीएम

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों संग किया काशी तमिल संगमम् (तृतीय संस्करण) का शुभारंभ

एजेंसी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के विजन को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने जिस कार्यक्रम को बढ़ाया, उसका परिणाम है कि महाकुम्भ प्रयागराज में लगभग 51 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाकर भारत की आस्था को एकता के संदेश के साथ जोड़ने का कार्य किया है। यहां जाति-पाति, क्षेत्र का भेद नहीं है, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को लेकर हर गंगे का उद्घोष करते हुए और मां गंगा का आशीर्वाद लेते हुए देश के अलग-अलग कोने से आकर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार महाकुम्भ के आयोजन के साथ काशी तमिल संगमम को भी जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि काशी तमिल संगमम हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नमो घाट पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन संग काशी तमिल संगमम (तृतीय संस्करण) का शुभारंभ किया। सीएम ने काशी की धरा पर तमिल भाषा में अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने यहां केंद्रीय मंत्रियों व आगंतुकों संग फोटो खिंचवाई, प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पुस्तकों का विमोचन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद भी उठाया। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में अनवरत तीसरी बार बाबा विश्वनाथ की धरा पर काशी तमिल संगमम हो रहा है। यह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के महायज्ञ का भाग है। पहले दो संस्करण कार्तिक मास में हुए थे। उनकी भी अपनी महत्ता थी। उन्होंने कहा कि तृतीय संस्करण इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन 'महाकुम्भ प्रयागराज' हो रहा है। सीएम ने कहा कि इस बार की थीम 4 एस पर आधारित है। भारत की संत परंपरा, साइंटिस्ट, समाज सुधारक, स्टूडेंट को मिलाकर महर्षि अगस्त्य को ध्यान में रखकर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की थीम के साथ यह आयोजन चल रहा है। महर्षि अगस्त्य के बारे में मान्यता है कि वे उत्तर व दक्षिण भारत को जोड़ने वाले ऋषि हैं। उनके बारे में कहा जाता था कि एक तराजू में महर्षि अगस्त्य को रख दें और दूसरे तराजू में उत्तर भारत की ज्ञान की धरोहर को रखेंगे तो अगस्त्य ऋषि का विराट स्वरूप दिखेगा। महर्षि अगस्त्य भारत की दो महत्वपूर्ण परंपराओं काशी और तमिल के माध्यम से उत्तर से दक्षिण, संस्कृत और तमिल को आपस में जोड़ने का सशक्त माध्यम भी रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि महर्षि ने हजारों वर्ष पहले उत्तर से दक्षिण में जाकर अभिनंदनीय कार्य किया था। महर्षि अगस्त्य ● शेष पेज 11 पर



- 51 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाकर भारत की आस्था को एकता के संदेश के साथ जोड़ने का किया कार्य: योगी
- महर्षि अगस्त्य उत्तर व दक्षिण भारत को जोड़ने वाले ऋषि हैं: योगी
- काशी तमिल संगमम् का आयोजन हमें उस विरासत से जोड़ता है, जिसे पीएम मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कहते हैं

### उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का जो कार्य आदि शंकराचार्य ने किया था, वहीं आज प्रधानमंत्री कर रहे: योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी तमिल संगमम हमारे लिए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के महायज्ञ का भाग है। यह आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का जो कार्य आदि शंकराचार्य ने किया था, वहीं कार्य आज प्रधानमंत्री कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है।

# प्रयागराज में बस और एसयूवी की टक्कर में 10 लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में यमुना नगर के मेजा थाना अंतर्गत प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात एक बस और एक एसयूवी की आमने-सामने की टक्कर होने से एसयूवी में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार देर रात छत्तीसगढ़ के कोरबा से श्रद्धालु एसयूवी से महाकुंभ में स्नान करने आ रहे थे लेकिन तभी मेजा थाना अतंर्गत राजमार्ग पर प्रयागराज की तरफ से जा रही एक बस से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में एसयूवी में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई और बस में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। यादव ने बताया कि बस में भी श्रद्धालु ही सवार थे और वे मध्य प्रदेश के राजगढ़ जा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसने कहा, ''मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि चार मृतकों की पहचान उनके आधार कार्ड और छह की पहचान उनके परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में सोमनाथ (28), ईश्वरी प्रसाद जायसवाल (56), भागीरथी जायसवाल (43), संतोष सोनी (55), सौरभ सोनी (उम्र अज्ञात), अजय बंजारे (उम्र अज्ञात), गंगा दास वर्मा ● शेष पेज 11 पर




### महाकुंभ मेला क्षेत्र के बाहर हिस्से में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर के सेक्टर 19 में शनिवार शाम अज्ञात कारणों से एक शिविर में आग लग गयी जिसे दमकल कर्मचारियों ने कुछ ही देर में काबू कर लिया। आग से किसी जनहानि की सूचना नहीं है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि महाकुंभ के सेक्टर 19 में रेलवे ब्रिज के नीचे शाम करीब सवा छह बजे लव कुश कैंप में आग लग गयी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के दस्ते ने दस मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया। इस हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# नाम में परिवर्तन करना मौलिक अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि अपने नाम में परिवर्तन करना व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है। यह नियमों के अधीन है। यह केंद्र तथा राज्य सरकार की नीतियों के अनुसार संचालित होगा।

याची द्वारा अपना नाम शाहनवाज से बदल कर मो समीर राव करने की मांग के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने इस निर्णय के साथ एकल पीठ द्वारा नाम परिवर्तन करने को मौलिक अधिकार करार देने वाले निर्णय को रद्द कर दिया है।

एकल पीठ ने 25 मई 2023 के आदेश से यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें उन्होंने याची शाहनवाज का नाम परिवर्तित करने का प्रार्थना पत्र रद्द कर दिया था। यूपी बोर्ड का कहना था कि नियमानुसार नाम परिवर्तन के लिए आवेदन 3 साल के भीतर ही किया जाना चाहिए। एकल पीठ ने यूपी बोर्ड के इस नियम को मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि अपनी पसंद का नाम रखना व्यक्ति का अनुच्छेद 21 व ● शेष पेज 11 पर



- नाम बदलने को मौलिक अधिकार करार देने वाले एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ ने पलटा
- शाहनवाज से नाम बदलकर मो समीर राव करने की मांग यूपी बोर्ड ने कर दी थी खारिज़

# 122 करोड़ के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक का महाप्रबंधक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक के महाप्रबंधक हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हितेश व उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच अपनी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंपी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।


एक अधिकारी ने बताया कि मेहता को शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि मेहता को इस मामले के संबंध में जांच एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगा दिए, जिसमें जमाकर्ताओं की ओर से धन निकासी पर भी प्रतिबंध शामिल है। शुक्रवार को आरबीआई ने ऋणदाता के बोर्ड को एक साल के लिए भंग कर दिया और मामलों के ● शेष पेज 11 पर

# संविधान की व्याख्या के बहाने अधिकारों का हनन नहीं हो सकता : जगदीप धनखड़

एजेंसी

भोपाल। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि हमारे देश में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक के चयन में क्या देश के मुख्य न्यायाधीश को भागीदार होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है।


श्री धनखड़ ने देर शाम यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में संकाय और छात्रों से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में, क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिए। क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है। मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया क्योंकि उस समय की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया। लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के साथ मेल नहीं खाता। हम भारत के मुख्य न्यायाधीश को किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में कैसे शामिल कर सकते हैं। श्री धनखड़ ने शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के उल्लंघन होने पर अपनी चिंता व्यक्त की और कहा, न्यायिक आदेश द्वारा कार्यकारी शासन एक संवैधानिक विपरीतता है, जिसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को अब और बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, न्यायिक सम्मान और विनम्रता यह मांग करती है कि ये संस्थाएं परिभाषित संवैधानिक सीमाओं के भीतर काम करें और राष्ट्रीय हित को हमेशा ध्यान में रखें। उप राष्ट्रपति ने संविधान पीठ के परिप्रेक्ष्य में कहा, संविधान देश के उच्चतम न्यायालय को संविधान की व्याख्या करने की अनुमति देता है। आप वही व्याख्या करते हैं, जो व्याख्यायित की जा सकती है। व्याख्या के बहाने अधिकार का हनन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत जो उद्देश्य था, उसका सम्मान किया जाना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा, न्यायपालिका की सार्वजनिक उपस्थिति मुख्य रूप से निर्णयों के माध्यम से होनी चाहिए। निर्णय अपने आप में बोलते हैं। निर्णयों का वजन होता है। और यदि निर्णय देश के ● शेष पेज 11 पर



- सीबीआई डायरेक्टर के चयन में सीजेआई क्यों, जब नियम बना था, तब सिस्टम ने घुटने टेके, अब वक्त है इसे बदलने का

# लोकतांत्रिक भारत 80 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराने में समर्थ: जयशंकर

एजेंसी



म्यूनिख। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक समाज है, इसलिए यह 80 करोड़ लोगों को पोषण सहायता और भोजन उपलब्ध कराने में समर्थ है।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शुक्रवार को 'एक और दिन वोट करने के लिए जियें: लोकतांत्रिक लचीलेपन को मजबूत करना' विषय पर आयोजित पैनल चर्चा के दौरान जयशंकर ने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने यह बयान अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लोटकिन की उस टिप्पणी के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि लोकतंत्र 'मेज पर भोजन नहीं रखता' है। जयशंकर ने कहा, ''सीनेटर, आपने कहा कि लोकतंत्र आपकी मेज पर भोजन नहीं रखता है। वास्तव में दुनिया के मेरे हिस्से में, यह (लोकतंत्र) ऐसा करता है। आज, हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं और हम 80 करोड़ लोगों को पोषण सहायता और भोजन उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा, ''यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितने स्वस्थ हैं और उनका पेट कितना भरा हुआ है। इसलिए, मैं यह कहना चाहता हूं कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरह की बातचीत हो रही है। कृपया यह न समझें कि यह एक तरह की सार्वभौमिक घटना है, ऐसा नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ हिस्से ऐसे हैं, जहां यह अच्छी तरह से काम कर रहा है, लेकिन हो सकता है कि कुछ हिस्से ऐसे हों जहां यह ठीक से काम न कर रहा हो। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि लोगों को इस बारे में ईमानदारी से बातचीत करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हो रहा है। मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''एमएससी-2025 की शुरुआत 'एक और दिन वोट करने के लिए जियें: लोकतांत्रिक लचीलापन मजबूत करना' विषय पर ● शेष पेज 11 पर

# सभी विवाद अदालत के लिए उपयुक्त नहीं होते मध्यस्थता ही समाधान का तरीका है: सीजेआई

एजेंसी

मुंबई। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करता है और संबंधों को मजबूत करता है।

नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दों की नजर से नहीं बल्कि एक मानवीय पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है। सीजेआई ने कहा, ''सभी विवाद अदालत, मुकदमेबाजी या यहां तक कि मध्यस्थता के लिए उपयुक्त नहीं होते। मध्यस्थता, समस्या के निवारण करने का वह तरीका है जो हमें विवाद के समाधान से कहीं अधिक उपाय प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह रचनात्मक समाधानों के द्वार खोलता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को चुनकर हम न केवल संघर्षों को कुशलतापूर्वक हल करते हैं, बल्कि लोगों और व्यवसायों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। सीजेआई खन्ना ने कहा कि वकील समस्या समाधानकर्ता होते हैं, जिन्हें रचनात्मक समाधान प्रदान करना होता है जो समस्या के कानूनी और मानवीय, दोनों आयामों को संबोधित करते हैं। उन्होंने कहा, '' जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने सभी से लीक से हटकर सोचने और न्याय प्रदान करने को किफायती और समयबद्ध बनाने के लिए अपने दायरे को व्यापक बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी ऐसी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनकी हमारे पूर्ववर्तियों ने शायद ही कल्पना की होगी, जैसे जलवायु परिवर्तन, जो न केवल हमारे पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के मूल ढांचे के लिए भी खतरा है। साथ ही, डिजिटल विकास, गोपनीयता, सुरक्षा और मानवीय संपर्क की प्रकृति के बारे में अभूतपूर्व प्रश्न उठाता है। सीजेआई ने कहा कि लोकतंत्र खुद नयी प्रौद्योगिकियों और सामाजिक गतिशीलता ● शेष पेज 11 पर



### उच्चतम न्यायालय उपासना स्थल अधिनियम से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 से संबंधित याचिकाओं पर 17 फरवरी यानी सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायालय की वेबसाइट पर 17 फरवरी के लिए अपलोड की गई कार्यसूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। यह अधिनियम किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप में परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाता है। कानून में किसी स्थान के धार्मिक स्वरूप को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने की बात कही गई है। बहरहाल, अयोध्या में राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद मुद्दे से संबंधित विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। न्यायालय उपासना स्थल कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के अनुरोध वाली 'ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर विचार करने पर दो जनवरी को सहमत हो गया था। प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने पिछले साल 12 दिसंबर को अपने अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था। पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल थी। उपाध्याय ने याचिका में उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 12 दिसंबर के अपने आदेश के जरिए ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा की टोपी लगाकर थाने में बैठें, वर्दी छोड़े पुलिस : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मनीष गगन अग्रवाल को नई जिम्मेदारी दी गयी है। वह समाजवादी पार्टी के व्यापार सभा के अध्यक्ष बनाये गये हैं। मनीष व्यापारियों को लेकर ही प्रश्न कर रहे हैं। जीएसटी को लेकर व्यापारी चिंति?त है। जीएसटी, सरकार की मुनाफाखोरी पालिसी एवं बांड पर मनीष आवाज उठा रहे हैं। मैं पुलिस से कहूंगा, ये वर्दी छोड़े और भाजपा की टोपी लगाकर थाने में बैठें। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश में आगामी बजट पर अखिलेश यादव ने कहा कि बहुत जल्दी बजट आने वाला है। जैसा दिल्ली का बजट आया है, उसी तरह का कोई बजट यूपी का आयेगा। भाजपा सरकार में जो इनवेस्टर मीट हुआ था और एमओयू हस्ताक्षर हुए थे। इसकी कोई जानकारी वेबसाइट पर नहीं है। हमारे मुख्यमंत्री को अधिकारी बेवकूफ बना रहे है, उसके लिए अधिकारियों को बहुत बधाई हो। महाकुंभ पर बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि पैंसठ वर्ष से ऊपर के बहुत सारे लोग महाकुंभ में स्नान नहीं कर सके हैं। प्रयागराज के लोग ही स्नान नहीं कर पाये हैं। सरकार से मेरी अपील है कि इस महाकुंभ के आयोजन को और कुछ दिनों तक बढ़ा दिया जाये। महाकुंभ में कितनी बड़ी घटना हुई। कितने लोग खोया पाया केन्द्र के बाहर अभी भी खड़े है। संत साधु हमारे धरती के देव है। उन्हें व्यवस्था नहीं दे सके। ये सरकार अपने अव्यवस्था को लेकर माफी मांगेगी। इससे पहले कवि, साहित्यकार, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह के सम्मान समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि उदय प्रताप सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़े कवि दिखायी देते हैं। नेता जी (मुलायम सिंह यादव) को पढ़ाया, सिखाया, राजनीति में बढ़ाया। नेता जी और उदय प्रताप दोनों ही अपने क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचें। अखिलेश यादव ने कहा कि उदय प्रताप की कविता से हम जैसे लोग प्रभावित होते हैं। कविता कभी पुरानी नहीं होती है, सच्चा कवि राजनीति को दिशा देता है। समाजवादी पार्टी के जितने भी गीत आये, वो सभी उदय प्रताप ने लिखा है। मन से है मुलायम गीत भी आपने ही लिखा है, आपका स्वास्थ्य बेहतर रहे और अपना मार्गदर्शन देते रहें।

# महाकुंभ मेला को लेकर आईजी साकेत पांडे के दिशा निर्देश में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था सराहनी रही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। महाकुंभ मेला प्रयागराज में जाने के लिए इस बार लोगों की भीड़ अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। तीर्थ स्थल पर एक साथ इतनी संख्या में लोगों का पहुंचना, गंगा स्नान करना यह सनातन संस्कृति का अभूतपूर्व उत्सव रहा। इस बार चाकघाट से लेकर रीवा रोड पर लगने वाले जाम को ध्यान में रखते हुए तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा, ठहरने, भोजन आदि की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में पूरी तरह से पुलिस विभाग की मुस्तैदी दिखी। और इसके लिए रीवा क्षेत्र के प्रभारी आईजी साकेत पांडे जी की योजना एवं दिशा निर्देश सराहनीय रहा। जिसका तीर्थ यात्रियों ने प्रशंसा की है। साकेत पांडे जी इस अंचल में पूर्व में भी रहे हैं और कहां पर क्या समस्या आ सकती है उसका पूर्वाभान उन्हें था, जिसके समाधान हेतु वे बराबर काम कर रहे थे। आईजी श्री साकेत पांडेजी ने अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ मध्य प्रदेश की सीमा तक व्यापक स्तर पर व्यवस्था को बनाया जिसके चलते इस मार्ग पर किसी भी तरह की अराजकता का वातावरण नहीं बन पाया। आईजी साकेत पांडे एवं परिवार क्षेत्र के संभागीय कमिश्नर बी. एस. जामोद ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कई बार चाकघाट तक की यात्रा की एवं व्यवस्था को बनाने में योजना को मूर्त रूप दिया। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा सुविधा में इस अंचल की पुलिस भी पूरी मुस्तादी से लगी रही तथा यातायात व्यवस्था को सुचार रूप से बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। इन सब का श्रेय रीवा आईजी साकेत पांडेय जी को जाता है जिसके दिशा निर्देश में रीवा जिला के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी संपर्क में रहकर तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा व्यवस्था व्यवस्थित बनाए रखा।

# सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान किया तो होगा जुर्माना : जिलाधिकारी

एजेंसी



कानपुर। किसी भी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में धारा चार के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान एवं तम्बाकू का सेवन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सौ रुपये तक की आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूलों से सौ गज के दायरे में तम्बाकू और उससे बने उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जाए। जिसकी जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष की होगी। यह निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दिए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिनियम का अनुपालन कराए जाने एवं समस्त कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में धारा चार के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन पूर्णत प्रतिबंधित है। नियम का उल्लंघन करने पर सौ रुपये तक की आर्थिक दंड की कार्रवाई किए जाने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्ष को दिए गए। साथ ही जनपद में धारा छह के अंतर्गत किसी भी विद्यालय से सौ गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री न किए जाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक यह सुनिश्चित कराए कि समस्त प्राचार्यों से सूचना ले कि उनके विद्यालय के सौ गज के दायरे में पान मसाले की दुकानें न हो। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि समस्त विद्यालयों में कोटपा (सिगरेट एंड अदर तंबाकू प्रोडक्ट एक्ट-2003 ) की धारा 4 एवं 6 का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने एवं समय-समय पर विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक के एक-एक गांव का चयनित कर तंबाकू मुक्त गांव घोषित किए जाने का अभियान चलाया जाए।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## तहसील परिसर में पूर्णतया प्रतिबंधित करें धरना प्रदर्शन : रोशन जैकब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में तहसील मलिहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ११४ शिकायत पहुँची ७ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके साथ फरियादियों की समस्या सुनकर शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।* फरीयादियों की समस्या सुनवाई के दौरान प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम बराहिया खेड़ा,मजरा मुड़ियारा के गाटा संख्या 1320, 1323 1324,1306 (खाद के गड्ढे) व 1321,1322 व 1325 खलियान की सुरक्षित भूमि है जिस पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।उक्त के संदर्भ में मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचे कर उक्त भूमि का चिन्हांकन/सीमांकन करते हुए सरकारी भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया है कि किसान यूनियन व अन्य यूनियन का धरना प्रदर्शन तहसील कैंपस के अंदर शतप्रतिशत प्रतिबंधित किया जाए। अगर किसी को धरना प्रदर्शन करना है तो तहशील कैंपस के बाहर करें। उन्होंने कहा कि तहसील कैंपस में धरना प्रदर्शन के दौरान आम जनमानस की शिकायतों के निराकरण/ समाधान में कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं।उक्त के पश्चात शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत मुड़ीयारा की भूमि खसरा संख्या 1308 में दबंग व्यक्तियों द्वारा नवीन परती भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। दबंग व्यक्तियों द्वारा नवीन प्रति की भूमि पर कच्चा चकमार्ग बनाया गया है। जिस पर से विपक्षी प्रार्थी व अन्य ग्रामीणों को आने-जाने नहीं देते यदि कोई उक्त रास्ते से गुजर जाता तो लोग लड़ाई झगड़ा और मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी अभियंता व संबंधित लेखपाल अनाउंसमेंट के दौरान अनुपस्थित मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि तहसील दिवस में नदारत रहने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने व भविष्य में तहसील दिवस में पुनः नदारद मिलने पर वेतन कटौती करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने जन सुनवाई के दौरान कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं व संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाये। तहसील दिवस रजिस्टर के अवलोकन के दौरान उन्होनें कहा कि शिकायतों में गलत आख्या लगाने व कार्य मे शिथिलता बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण की जो भी शिकायतें आ रही है उन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में समस्या का समाधान करना है ।ब्राहिमपुर निवासी ज्ञानेंद्र कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसको देवीय आपदा के बाद मिले आवास की छत पड़ना बाकी रह गया था जिसके बाद पूर्व प्रधान ने रोक दिया गया।

# महाकुम्भ : स्किमर पक्षी को बनाया गया बर्ड फ़ेस्टिवल का मैसकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ-2025 में जलवायु सम्मेलन व बर्ड फ़ेस्टिवल को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। योगी सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की देखरेख यह आयोजन होगा। 16 फरवरी को महाकुम्भ में 'कुम्भ की आस्था व जलवायु परिवर्तन' विषय पर जलवायु सम्मेलन होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सम्मेलन में धर्मगुरु, पर्यावरणविद्, अनेक सामाजिक संगठन, उद्योग व व्यापारिक जगत के साथ ही गणमान्य नागरिक भी रहेंगे। इसके अलावा संगम तट पर होने वाले बर्ड फ़ेस्टिवल का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है।उत्तर प्रदेश में हैं 1000 स्किमर पक्षी 2025 में बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन महाकुम्भ में संगम तट पर किया जा रहा है। आस्था व संरक्षण के संगम की भावना से आयोजित होने वाले नेचर एवं बर्ड फ़ेस्टिवल-2025 का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है। भारतीय स्किमर नदियों के स्वास्थ्य का संकेत देने वाला महत्वपूर्ण पक्षी है। यह पक्षी नदी, झीलों और मुहानों के किनारे बसे दलदली क्षेत्रों में पाया जाता है।



इसकी मुख्य विशेषता काले व सफ़ेद पंखों के साथ नारंगी रंग की चोंच होती है, जिसका निचला भाग ऊपरी भाग से लंबा होता है। इससे यह पानी की सतह पर उड़ते हुए आसानी से शिकार पकड़ सकता है। इसीलिए स्थानीय भाषा में इस पक्षी को पंचीरा के नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पक्षी गंगा, यमुना व चंबल नदियों के किनारे प्रजनन करता है। उत्तर प्रदेश में स्किमर पक्षी की संख्या लगभग एक हजार है। योगी सरकार के निर्देशन में अलग-अलग स्थानों पर निरंतर हो रहा आयोजन योगी सरकार के निर्देशन में बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन निरंतर हो रहा है। हर बार यह आयोजन अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। 2017 में दुधवा टाइगर रिजर्व पीलीभीत, 2019 में नवाबगंज पक्षी बिहार उन्नाव, 2020 में सूरसरोवर पक्षी बिहार कीठम-आगरा, 2021 में ओखला पक्षी बिहार गौतमबुद्धर नगर में बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन किया गया। कोरोना के कारण 2022 में यह आयोजन नहीं हो सका। 2023 में विजय सागर पक्षी विहार, महोबा और 2024 में यह आयोजन सूरजपुर वेटलैंड में आयोजित किया गया। इस बार यह आयोजन महाकुम्भ, प्रयागराज में होगा। प्रयागराज के आयोजन से पहले लखनऊ में हुआ कर्टेन रेजर महाकुम्भ प्रयागराज में जलवायु सम्मेलन व बर्ड फ़ेस्टिवल के पहले शनिवार को लखनऊ में कर्टन रेजर इवेंट आयोजित किया गया। इस दौरान वॉकथान में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। सुबह 1090 चौराहा से नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान तक वॉकथान निकला। आईटीबीपी बैंड ने कार्यक्रम में संगीत प्रस्तुत किया। चिड़ियाघर के सारस ऑडिटोरियम में मैस्कट व टीजर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, अपर्णा यादव, प्रदान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे। ललित वर्मा, नोडल अधिकारी, बर्ड फ़ेस्टिवल ने कहा इस बार बर्ड फ़ेस्टिवल का मैसकट इंडियन स्किमर है। संयोग से यह संगम में भी पाई जाती है। स्किमर के संवर्धन व संरक्षण पर सबका ध्यान आकृष्ट करने के लिए इसे बर्ड फ़ेस्टिवल का मैसकट बनाया गया है। बर्ड फ़ेस्टिवल की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह आयोजन अभूतपूर्व होगा।

# भारत के नव निर्माण में वैज्ञानिक सोच आवश्यक : डॉ अभिमन्यु कुमार झा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी, पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ल्न्यू ट्रेंड्स इन बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोमेडिकल साइंसेजल्ल विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अभिमन्यु कुमार झा, डीन स्कूल ऑफ़ बायोसाइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी, गलगोटियाज विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए हम सभी में वैज्ञानिक सोच होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने व्याख्यान में जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नित नए अनुसंधानों पर प्रकाश डाला। कैंसर के खिलाफ एक नई तकनीक एपिजेनेटिक थैरेपी को विस्तार से समझाते हुए उन्होंने भविष्य के कर्ताधर्ताओं को अनुसंधान के पथ पर आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. गीतांजलि मौर्य ने सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस तरह की और कार्यशालाएं आयोजित करते रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सलीमुद्दीन ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व को रेखांकित किया । कार्यक्रम के आयोजन सचिव व एसोसिएट प्रोफ़ेसर कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ प्रमोद यादव ने अतिथि परिचय व स्वागत भाषण, संचालन डॉ शशि कान्त त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो. पवन कुमार पचौरी, प्रो. आर एल पाल, प्रो. वी एन पांडेय, प्रो. सी एस चौबे, डॉ. विकास सिंह, डॉ. आभा त्रिपाठी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. ए सी सिंह तथा निशांत, नितिन, एकता, रति, विनोद, कुलदीप, संजय इत्यादि शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सचिवालय में तबादला नीति का पालन नहीं कर रहे नगर विकास के कई अधिकारी

## सपा विधायक पंकज मालिक ने मुख्यमंत्री योगी से की कार्रवाई की मांग

❑ विधायक ने पूछा सवाल– क्या स्थानांतरण नीति से मुक्त रखा गया है नगर विकास विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सचिवालय के नगर विकास विभाग में बड़े अधिकारियों की मिलीभगत से कई अधिकारी तय सीमा से अधिक अवधि के बाद भी तैनात हैं। इन सभी को लगातार नीति निर्धारक तथा बजट आवंटन जैसे महत्वपूर्ण कार्य दिये गये हैं। ये आरोप लगाते हुए सपा विधायक पंकज मलिक ने मुख्यमंत्री योगी से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि योगी सरकार ने सचिवालय कर्मियों के तबादले को लेकर 16 अप्रैल 2018 में नवीन चक्रीय स्थानांतरण नीति बनाई। जिसमें कुल विभागों को तीन वर्गों में विभाजित करके सचिवालय सेवा के समूह 'क' एवं 'ख' के अधिकारियों को उनके सम्पूर्ण सेवा काल में एक निर्धारित अवधि के लिए ही तैनात किये जाने की व्यवस्था बनाई गयी। इसमें समीक्षा अधिकारी, अनुभाग अधिकारी (5 वर्ष), अनुसचिव से विशेष सचिव तक (3 वर्ष) एक विभाग में लगातार रह सकते हैं। परन्तु, सचिवालय के नगर विकास विभाग में आला अधिकारियों की मिलीभगत से सक्षम स्तर को गुमराह करके कई अधिकारी तय सीमा से अधिक अवधि के लिए तैनाती पाएं हैं। सपा विधायक ने इस मामले में जांच की मांग करते हुए कहा कि आखिर किस अधिकारी की कृपा पर नगर विकास विभाग में स्थानांतरण नीति का अनुपालन नहीं किया जा रहा है? उन्होंने सवाल किया कि इस विभाग को स्थानांतरण नीति से मुक्त रखने का आदेश क्या मुख्यमंत्री से प्राप्त किए गए हैं।

### सालों से जमे बैठे हैं ये अधिकारी

सपा विधायक पंकज मलिक ने आरोप लगाते हुए कहा कि अवधेश यादव नगर विकास विभाग में 2017 से तैनात हैं जिनपर विभागीय जाँच भी बैठी थी, परन्तु अधिकारियों की मिलीभगत से इन्हें पदोन्नति के बाद भी पुनः उसी विभाग में तैनाती दे दी गयी। इसी प्रकार, समीक्षा अधिकारी अशोक, विपुल, शिवांगी, आनंद 2017 से लगातार तैनात हैं। समीक्षा अधिकारी गौरव दुबे 2020 से लगातार तैनात हैं, पदोन्नति के बाद भी इन्हें उसी विभाग में तैनाती दी गयी है। समीक्षा अधिकारी अखिलेश्वर 2019 से लगातार तैनात हैं, जिन्हें बाद में उसी अनुभाग में अनुभाग अधिकारी के पद पर तैनाती दी गयी है। वासिफ 2018 से लगातार तैनात हैं, इन्हें पदोन्नति के बाद भी उसी विभाग में तैनाती दी गयी है। इनके ऊपर भी विभागीय जाँच बैठी थी परन्तु मिलीभगत के कारण कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी प्रकार, समीक्षा अधिकारी सतपाल, गजेंद्र, शैलेंद्र, तूलिका 2019 से लगातार पद पर तैनात हैं। वहीं, ब्रजेश 2019 से लगातार समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं जिन्हें पदोन्नति के बाद भी उसी विभाग में तैनाती दी गयी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

❑ परिजनों ने आक्रोश व्यक्त कर हत्या का दर्ज कराया मुक़दमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रहीमाबाद/लखनऊ। रहीमाबाद थाना अंतर्गत ससपन गांव मे शनिवार सुबह मजदूर गोविंद 19 वर्ष का शव आम के बाग में फंदे से लटकता मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक को नजदीकी अस्पताल में पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजनों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्रेमिका व उसके घर वालों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रहीमाबाद के भाईदास खेड़ा माजरा ससपन गांव निवासी रामू ने गांव की रहने वाली रीना और उसके परिजनों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। लिखित शिकायत में रामू ने बताया भाई गोविंद मजदूरी करता था। शुक्रवार रात गोविंदा के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई थी।इसके बाद गोविंद परिजनों को बगैर बताएं घर से खेत की तरफ चला गया था, फिर वह दोबारा नहीं लौटा काफी देर बाद गोविंद घर नहीं लौटा तब परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों को चिंता सताने लगी है। वह रात भर गोविंदा की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे बावजूद इसके गोविंदा का कहीं पता नहीं लगा।रामू ने बताया शनिवार सुबह गांव के बाहर आम के बाग में गोविंद का शव मफलर के सहारे फंदे से लटकता मिला। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने गोविंद को फंदे से निकाल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार मजदूर की हत्या कर शव फंदे से लटकाया गया है।मजदूर के पैर जमीन पर छू रहे थे जिसको देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वही रामू ने भी गांव की रहने वाली रीना व उसके घर वालों के खिलाफ हत्या की आशंका जताई है।रामू का कहना है कि कई साल से गोविंद और रीना के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था।लेकिन रीना के परिजन इस रिश्ते से खुश नहीं थे।जिसके चलते भाई गोविंद की हत्या दी गई है। हत्यारों की गिरफ़्तारी तक अंतिम संस्कार ना करने परअड़े परिजन पोस्टमार्टम के बाद जब गोविंद का शव गांव पहुंचा तो परिजनों हत्या के आरोपियों के ऊपर का मुकदमा दर्ज करने सहित गिरफ्तारी की माग पर अड़ गए। देर शाम पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया था। इंस्पेक्टर का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।फिलहाल लिखित शिकायत के आधार पर रीना व उसके घर वालों के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।जांच में मिले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेंगी।हालांकि प्रेमिका व उसके घरवालों से भी पूछताछ की जा रही है।

महामना परिवार द्वारा अर्जुनगंज में

# श्री राम कथा का सरस्वती शिशु मंदिर में भव्य आयोजन

शोभायात्रा व विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा 20 फरवरी को श्री जानकी वल्लभ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

सुमित श्रीवास्तव







लखनऊ । श्री जानकी वल्लभ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महामना परिवार अर्जुनगंज द्वारा 13 फरवरी से 19 फरवरी तक नियमित श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुवात श्री मंगलाचरण वि मानस महिमा से हुई और कथा का समापन श्री भरत चरित्र शबरी प्रसंग व सुंदरकांड एवं राजतिलक से होगा। 20 फरवरी को श्री जानकी वल्लभ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन शोभायात्रा व विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। जिसमें कथा वाचकपूज्य श्री श्री सुधीरानंद जी महाराज के मुखारविंद से कथा प्रारंभ हुई और सरस्वती शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा एवं कथा सभी स्वयंसेवक बंधु जिसमें विनय,रुद्र कुमार, अवधेश, आकाश शुक्ला, चिंतामणि, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, विनीत मिश्रा प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

# निस्तारणों के सत्यापन के लिए अधिकारी शिकायतकर्ताओं को कॉल कर लें फीडबैक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की जनसुनवाई कर रहे डीएम विशाख अय्यर ने दर्जनों पट्टा धारको को तालाब आवंटन प्रपत्र न मिलने की शिकायत पर नायब तहसीलदार निर्मल भारती को कड़ी फटकार लगाते हुए एसडीएम से कारण बताओं नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने के लिए आदेश दिए। मोहनलालगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिले के नवागंतुक डीएम विशाख अय्यर जैसे ही 11.45 बजे जनसुनवाई करने पहुंचे वैसे ही सन्नाटे में चल रहे समाधान दिवस में फरियादियों का झुंड अपनी अपनी शिकायते करने पहुंच गया। दर्जनों गांव के मत्स्य पालकों ने आर के दफ्तर के नायब तहसीलदार निर्मल भारती पर आरोप लगाते हुए शिकायत की कि मत्स्य पालन के लिए तालाब आवंटन प्रक्रिया पूरी होने और पट्टा शुल्क जमा करने के कई माह बीत जाने के बाद भी तहसील से आवंटन के पट्टा प्रपत्र नहीं मिल रहें हैं जिससे गांवों के आवंटित तालाबों में मत्स्य पालन करने में परेशानी हो रही है। डीएम ने इन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जब आरके दफ्तर के नायब तहसीलदार निर्मल भारती को तलब किया तो वह कोई जवाब नहीं दे पाए । जिससे नाराज डीएम ने नायब तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाते हुए एसडीएम को आदेश दिया कि कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण दे। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन प्रक्रिया में धनुवासाड गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी द्वारा दोनों आंखों से दृष्टि बाधित बल्लू और उसकी विकलांग पत्नी गीता को अपात्र होने की गलत रिपोर्ट दे दी जिससे उसे रहने के लिए आवास नहीं मिल रहा। इस शिकायत पर डीएम ने परियोजना निदेशक विकास मिश्रा को आदेशित किया कि वह स्वयं मौके पर जाएं और जांच के बाद यदि गांव के सचिव की रिपोर्ट गलत मिले तो उसके द्वारा गांव में कराए गए 6 महीने की विकास कार्यों का क्रमवार जायजा लेकर यदि वह दोषी मिले तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करें। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को सरकारी सुरक्षित जमीनों पर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अपनी प्लाटिंग साइडो में मिलकर अवैध कब्जा कर लेने की लगभग दो दर्जन शिकायतें मिली जिससे नाराज डीएम ने एसडीएम बीके वर्मा तथा तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को निर्देश देते हुए कहा कि वह इन शिकायतों के मामलों में दूसरे हल्के के लेखपालों की टीम नायब तहसीलदार की अगुवाई में स्वयं बनावे और सरकारी जमीनों को चिन्हित कर प्रॉपर्टी डीलरों के कब्जों से मुक्त कराकर उनके विरुद्ध पुलिस में विधिक कार्रवाई अवश्य कराएं और उसकी रिपोर्ट मुझे दे। समाधान दिवस के बाद डीएम विशाख अय्यर ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बताया कि जनहित में सड़क सुरक्षा के मामले संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्णय लिया जाएगा साथ ही जिन फरियादियों को तहसीलों से न्याय नहीं मिल पा रहा वह सीधे मुझसे संपर्क करें उनकी समस्याओं का निस्तारण शत प्रतिशत कराया जाएगा।

## नवीनीकरण दुबग्गा थाने और अंधे की चौकी का डीसीपी पश्चिम ने किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पश्चिमी जोन के नवीनीकरण दुबग्गा थाने और अंधे की चौकी का धूमधाम से किया गया उद्घाटन।डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने एडीसीपी पश्चिम धनन्जय कुशवाहा , एसीपी काकोरी शकील अहमद के साथ फीता काटकर किया उद्घाटन।इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा , दुबग्गा की पूरी टीम के सहयोग से थाने का किया गया नवीनीकरण का हुआ उद्घाटन।आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था और बैठने में किसी प्रकार की न हो दिक्कत थाने का हुआ नवीनीकरण।थाने की साफ सफाई और पानी की व्यवस्था पर भी किया गया फोकस।अपराधियों पर शिकंजा कसने वाले एसीपी काकोरी शकील अहमद और इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा के अथक प्रयास से हुआ थाने का नवीनीकरण। वही दुबग्गा कस्बा चौकी के चौकी प्रभारी संतोष सिंह और अंधे की चौकी के चौकी प्रभारी तेज कुमार शुक्ला की मेहनत से दोनों चौकियों का हुआ उद्घाटन।

# उप मुख्यमंत्री ने सिखी मेरी पहचान फाउण्डेशन के कार्यालय का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सिखी मेरी पहचान फ़ाउण्डेशनङ्क के कार्यालय का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस मौके पर बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं जत्थेदार बाबा महिंदर सिंह सहित सिख समाज के सैकड़ों सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। सिख समाज को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि यह फ़ाउण्डेशन समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा नेता एवं सिखी मेरी पहचान फाउंडेशन के संस्थापक दिलप्रीत सिंह ''डीपी'' ने कहा कि सिखी मेरी पहचान फाउंडेशन के तहत सिख समाज को संगठित करने, लोगो की सहायता करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण का कार्य किया जा रहा है एवं इस संगठन के माध्यम से सिख समाज के उत्थान का कार्य किया जायेगा ॰ श्री सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिख समाज के सभी सम्मानित भाइयों, बड़े-बुजुर्गों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी ल्लगुड्डूङ्क, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, नगर मंत्री सरदार लखविंदर पाल सिंह, पार्षद सौरभ सिंह ''मोनू'' जी, सिक्खी मेरी पहचान के उपाध्यक्ष सरदार रणवीर सिंह कलसी, आलमबाग गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह, सरदार मान सिंह पनेसर, सरदार सरबजीत सिंह, सरदार राजिंदर सिंह 'दुआ', सरदार सतपाल सिंह 'मीत', सदर गुरुद्वारा प्रधान सरदार तेजपाल सिंह 'रोमी', सरदार राजू अनेजा, सरदार रणवीर भसीन , सरदार रतपाल सिंह, सरदार सुरिंदर पाल सिंह 'घई', सरदार निरवैर सिंह, सरदार दविंदर सिंह, सरदार राजिंदर सिंह 'बग्गा', सरदार भूपिंदर सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सरदार मनदीप मल्होत्रा, सरदार सुखदेव सिंह, सरदार जसवंत सिंह और सरदार कुलवंत सिंह सहित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फरीदीपुर में विद्युत विभाग की छापेमारी बिजली चोरी में पकड़े दो आरोपी

लखनऊ दुबग्गा। फरीदीपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग की लगातार छापेमारी के कारण हड़कंप मच गया। 15 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे विद्युत विभाग के जेई दिनेश कुमार ने चेकिंग अभियान के दौरान दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। ये आरोपी ई-रिक्शा चार्जिग के लिए अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नजमा बेगम और आसमा पत्नी नदीम के रूप में हुई है, जो दोनों फरीदीपुर की निवासी हैं। विद्युत विभाग के अनुसार, इन दोनों पर बिजली चोरी के आरोप में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि, जब इस मामले में जेई दिनेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने गोलमोल बातें करते हुए फोन काट दिया, जिससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि वे आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहे थे। उनके इस रुख से यह सवाल उठता है कि क्या विभाग की ओर से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी या नहीं। विभाग की यह चुप्पी और आरोपी को बचाने की संभावना विद्युत विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है। अगर यही स्थिति रही तो विद्युत विभाग की छापेमारी और आरोपियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई पर गहरा सवाल उठेगा।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गोद लिए गए 6 टीबी मरीज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ। निक्षय दिवस के अवसर पर प्रधान मंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह, टी.बी. सह संयुक्त चिकित्सालय ठाकुरगंज, लखनऊ के मार्गदर्शन में 6 टी.बी. मरीजों को गोद लिया गया। इस विशेष अवसर पर श्री प्रदीप गंगवार, उप नर्सिंग अधीक्षक, के.जी.एम.यू. लखनऊ द्वारा इन मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती अजुम आरा (मैटरन), श्री एजाज अहमद अंसारी (एस.टी.एस.), श्री रजनीश श्रीवास्तव (टी.बी.एच.वी.), श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव (एल.टी.) एवं श्री विरेन्द्र पाण्डेय (एल.टी.) द्वारा भी सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया गया और कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। टी.बी. के मरीजों के लिए इस प्रकार की पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और उनके उपचार में मदद करने के महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखी जाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य टी.बी. को समाप्त करने और मरीजों के लिए बेहतर पोषण और देखभाल प्रदान करने का है।

# छह करोड़ की फिरौती मांगने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र की रेसिडेंशियल सोसायटी के रहने वाले व्यक्ति को बेटे व बहु की नहाते हुए वीडियो क्लिप भेज कर छः करोड़ की फिरौती मांगने न देने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को पूर्व में गाड़ी चलाने वाले चालक सुधीर कश्यप निवासी गढी खाले थाना सिधौली जनपद सीतापुर हाल पता विनीतखण्ड थाना गोमतीनगर लखनऊ को झिलझिला पुरवा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके पास से सामान भी बरामद किया है। सुशांत गोल्फ सिटी के उपरोक्त अपार्टमेंट में रहने वाले पीड़ित अनुसार उनके पुत्र व पुत्रवधु के मोबाइल फोन पर 11 फरवरी की रात लगभग 11 बजे किसी व्यक्ति का मैसेज आया कि जिसमें कहा गया कि 6 करोड लेकर आओ गोमती नगर समझदार हो गये तो ना कि सोच लेना ठीक हैं बताओ नही ठीक हैं। पीड़ित का कहना है कि उक्त मैसेज से पहले उसके पुत्र व पुत्रवधु के मोबाईल मैं कैमरे की एक रिकॉर्डे ड वीडियो भेजी गयी थी जिसमे कमरे के बाथरूम में पुत्र बाल्टी से नहा रहा है तथा दूसरी वीडियो मे पुत्रवधु की नहाते हुए वीडियो हैं। उक्त मैसेज व वीडियो आने के बाद बाथरूम को चैक किया गया तो बाथरूम की फाल सिलिंग मे छेद मिला था जिसमे हिडेन कैमरा लगाया गया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित द्वारा भय दिखाकर उससे 6 करोड फिरौती की मांग की जा रही हैं जिसे न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही थीं। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बाथरूम में हिडेन कैमरा लगाने के आरोप मे पूर्व चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित ने चालक को एक माह की एडवांस सैलरी देकर करीब छह माह पूर्व नौकरी से निकाला था। नौकरी से हटने से पहले उसने 12 सौ रुपये का हिडेन कैमरा खरीदा था। जिसे मौका पाकर बाथरूम की फारसीलिंग में छेद कर फिट किया था। पीड़ित चालक द्वारा बिना बताए गाड़ी लेकर चले जाने की बात से नाराज था। जिसके कारण हटा दिया था।

## बेरहम पत्नी: पति के सीने में चाकू मारकर की हत्या

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गाजीपुर क्षेत्र के इंदिरा नगर में शुक्रवार की देर रात मामूली कहासुनी के बाद बेखौफ पत्नी ने अपने पति शावेज़ के सीने में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत की नींद सुला दिया। सीने में चाकू लगते ही शावेज़ फर्श पर गिर पड़ा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में घायल को राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारन पत्नी को घटना में इस्तेमाल आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गाजीपुर क्षेत्र के इंदिरा नगर स्थित बी ब्लॉक मकान नं 2424 निवासी शावेज़ पत्नी रजिया के साथ रहता था।बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात शावेज़ व उसकी पत्नी रजिया के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। यह बहस देखते ही देखते गंभीर रूप धारण कर लिया। बौखलाई रजिया ने सब्जी काटने वाले चाकू से शावेज़ के सीने में चाकू मारकर जख्मी कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में घायल शावेज़ को राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शावेज़ के पिता मोहम्मद रफीक की तहरीर पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कातिल पत्नी रजिया को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल आला कत्ल बरामद कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

## पीएनबी ने इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएनबी ने आईटीबीपी के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एसपी सिंह, महाप्रबंधक पीएनबी और एससी ममगैन, महानिरीक्षक प्रशासन ने आईटीबीपी मुख्यालय में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का आदान प्रदान विनय कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक पीएनबी, विकास बर्मन, डीआईजी प्रशासन तथा बैंक और आईटीबीपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

## बच्चों के झगड़े में दूसरे दिन दो परिवार भिड़ें , दोनों पक्षों पर केस

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र के गुलाल खेड़ा में बच्चों के झगड़े को लेकर दूसरे दिन शनिवार को परिवार के ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए । मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराया है । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी के मुताबिक शुक्रवार की दो सगे भाइयों के बच्चे आपस में झगड़ रहे थे , दूसरे दिन उसी बात को लेकर कहासुनी हुई, एक पक्ष से आनंद कुमार का आरोप है कि उसका बड़ा भाई रामसुभल व उसकी भाभी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लोहे की पाइपों से उसे मारने लगे बीच बचाव में आई उसकी पत्नी को भी मारा पीटा है जिसे चोटे आई है ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की मनोज कुमारी का आरोप है कि बीते शुक्रवार की शाम मेरे व मेरे देवर के लड़के आपस में झगड़ा कर रहे थे , तभी उनको छुड़ा दिया था । तब भी उसकी देवरानी ने गाली गलौज किया था शनिवार को देवर आनंद कुमार घर पहुंचे तो फिर से गाली गलौज करने लगे गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे चोटे आई हैं मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर चार दो महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में विश्व दरियाई घोड़ा दिवस मनाया

लखनऊ। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में शनिवार को विश्व दरियाई घोड़ा दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आए विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं दर्शकों को दरियाई घोड़े के विषय में जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों एवं दर्शक दरियाई घोड़ा के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक दिखे। उन्होंने कहा कि प्राणि उद्यान आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों से आम जनमानस को वन्य जीवों एवं उनके व्यवहार के विषय में सरलता से जानकारी प्राप्त होने में प्राणि उद्यान की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। दर्शकों एवं अध्यापकों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्राणि उद्यान प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# डॉ.अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा पीडीए समाज : आर.के चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा दलित , पिछड़ों का आरक्षण खतरें में है

नगराम , लखनऊ। समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को नगराम के हरदोइया में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के मुख्य अतिथि क्षेत्र के सांसद आर.के चौधरी रहे उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डा.अम्बेडकर के प्रति दिए गए अमर्यादित बयान को अम्बेडकर व पीडीए समाज का अपमान बताया।

उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डा. अम्बेडकर का कद अमित शाह के भगवान से बहुत बड़ा है। वहीं, डा.अम्बेडकर व बहुजन नायक कांशीराम की सामाजिक परिवर्तन की परंपरा को आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सशक्त हो रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि समाज को मजबूत होकर सामंतवादी, संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ना है। वहीं बहुजन समाज को लामबंद होना होगा। वहीं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पीडीए चौपाल में कहा कि दलित, पिछड़ों का आरक्षण खतरे में है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। श्री पुष्कर ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में मोहनलालगंज की आम जनता के सुख-दुख में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि दलित और अल्पसंख्यक समाज की थानों और तहसील में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्री पुष्कर ने अपील की बहुजन समाज के लोग महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि सपा के कार्यकर्ताओं को सत्ता की अराजक नीतियों के खिलाफ दोगुनी ताकत से लड़ाई लड़ना है, आज की समाजवादी पीडीए चौपाल के आयोजक पूर्व प्रधान मोध अताउर्रहमान, जोन प्रभारी दिनेश यादव ने मुख्य अतिथि सांसद, विधायक एवम् सभी सम्मानित पार्टी पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, जोन प्रभारी दिनेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा समेत पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डिटेंड छात्रों को ईआरपी लॉगिन पर अपलोड करने का अंतिम दिन आज

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरीओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षा में संस्थान स्तर पर डिटेंड किये गये छात्र-छात्राओं की सूचना 16 फरवरी को दिन में दो बजे तक ईआरपी लॉगिन पर अपलोड करना है। इसके बाद यदि संस्थान से डिटेंड छात्रों की सूची उपलब्ध नहीं करायी जाती है तब विश्वविद्यालय यह मान लेगा कि संस्थान स्तर पर किसी भी छात्र को डिटेंड नहीं किया गया है। ऐसे में विषम सेमेस्टर की द्वितीय की परीक्षा के लिए छात्रों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया जाएगा।

## बंथरा में राशन लेने गई किशोरी से छेड़छाड़

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी शनिवार दोपहर करीब 1 बजे जब गांव में वितरण हो रहे सरकारी राशन की दुकान पर राशन लेने गई थी और जब वह राशन लेकर वापस घर जाने लगी इसी दौरान रास्ते में घात लगाए शोहदे ने उससे छेड़खानी कर दी। किशोरी ने जब बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया तो आसपास के लोग मौके पर आ गए और आरोपी की मौके पर ही पड़कर धुनाई कर दी और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बंथरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पास्को सहित उपयुक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को आवश्यक जांच पड़ताल के लिए भेजा है। पीड़ित के अनुसार उसकी 16 वर्षी पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ राशन लेने गई थी और जब वह राशन लेकर वापस आ रही थी इसी दौरान रास्ते में हनुमान मंदिर निवासी आदित्य द्विवेदी पुत्र कृष्ण कुमार द्विवेदी (32) ने किशोरी का हाथ पड़क लिया और बोला कि आओ मेरी गाड़ी में बैठो मैं तुमको घुमाऊंगा और शॉपिंग कराऊंगा, इसके बाद किशोरी ने चिल्लाना शुरू किया तो किशोरी के परिजन सहित दूसरे राहगीर और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और आरोपी की पकड़ कर धुनाई कर दी इसके बाद पीड़ित ने आरोपी को बंथरा पुलिस के सुपुर्द करने के साथ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# डीएम एस पी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

❐ आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारणः डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनूप श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 74 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सिधौली में प्राप्त 13 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील बिसवां में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सदर में प्राप्त 19 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेले का किया जा रहा आयोजन किया

❐ बजरंगी विजय आदर्श राम लीला मंडल एवं नाट्य कला परिषद अयोध्या फ़ैजाबाद के युवा एवं बाल कलाकारों द्वारा नाट्य कला का मंचन किया जायेगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद, सीतापुर। थाना खैराबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा हुसैनपुर कैमहरा मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामलीला समिति की ओर से पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेले का आयोजन किया जा रहा हैं म जिसमे श्री बजरंगी विजय आदर्श राम लीला मंडल एवं नाट्य कला परिषद अयोध्या फ़ैजाबाद के युवा एवं बाल कलाकारों द्वारा नाट्य कला का मंचन किया जायेगा इस बात की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान मिथलेश कुमार ने बताया हैं कि यह मेला श्री कोठरी बाबा की असीम कृपा से और समस्त ग्राम सभा के वासियो के सहयोग से यह कार्यक्रम हर वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं और इस वर्ष भी उसी क्रम से मेले का आयोजन किया जा रहा हैं इस मेले मे हर दिन सांस्कृतिक एवं रंग मंचिय झंकियों द्वारा रामलीला कलाकारों द्वारा दिखाई जाएगी तथा नृत्य संगीत से दर्शकों का मन आनंदित होगा बीते शनिवार को रामलीला का शुभारम्भ श्री कोठरीबाबा के चरणों मे पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्वलित करपूजन अर्चना के बाद आरती सम्पन्न की गयी इसके बाद रात्रि बेला मे श्री राम जन्म कार्यक्रम लीला का मंचन रामलीला पार्टी के कलाकारों द्वारा किया गया इस मौक़े पर मेला समिति के निवेदक बाबा राजेंद्र दास जी महाराज उर्फ़ लम्बे बाबा तथा समस्त ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासियो सहित हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# दो फरार वारंटी हैदराबाद पुलिस की गिरफ्त में



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोला-खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के आदेशानुसार संपूर्ण जनपद मे अपराधिक व वारन्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत हैदराबाद पुलिस द्वारा दो नफर वारन्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 15 फरवरी को चलाए गए वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत शंकर पुत्र ओमप्रकाश निवासी उदय पुर थाना हैदराबाद संबंधित मु0न013058/023 धारा 60इ एक्स एक्ट थाना हैदराबाद ता0 पेशी 15/2/025 को उसके घर ग्राम उदयपुर से समय 6.20 बजे तथा वारंटी विपिन कुमार पुत्र गंगा राम निवासी ग्राम उदयपुर थाना हैदराबाद सम्बंधित मु0न013054/023 धारा 60 इ एक्स एक्ट थाना हैदराबाद ता0पेशी 15 फरवरी 2025 को उसके घर ग्राम उदयपुर से कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत में लिया गया अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे शामिल उप निरीक्षक हेमंत कटियार,हेड कांस्टेबल राकेश यादव,रवि कुमार द्वारा किया गया ।

# चोरी के 49 मोबाइल फोन बरामद, चार आरोपित गिरफ्तार

❐ पढ़ुआ पुलिस ने अंतरराज्यीय लुटेरों को धर दबोचा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निघासन खीरी। लगातार बाजारों से गैंग बनाकर मोबाइल लूटने वाले चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लगभग पंद्रह लाख की कीमत के 49 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं पकड़े गए चारों अभियुक्त झारखंड राज्य के निवासी बताए गये हैं।शनिवार को पढ़ुआ पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।कार्रवाई में पढ़ुआ पुलिस के साथ सर्विलांस टीम भी शामिल रही। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 49 मंहगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है।स्थानीय थाने पर पर पत्रकारों से बातचीत मे क्षेत्राधिकारी महक शर्मा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी जनपद की विभिन्न बाजारों से मंहगे मोबाइल फोन की चोरी करते थे।चोरी किये हुए मोबाइल अन्य प्रदेशों में ले जाकर बेंच देते थे। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में दो आरोपी नाबालिग हैं। गौतम महतो निवासी बाबूपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहिबगंज झारखंड इस गिरोह का सरगना है। ये अपने साथियों धर्मेंद्र कुमार, शिवसागर और जय कुमार सभी निवासी झारखंड के साथ मिलकर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देता था। यहां से चोरी किये गए मोबाइल झारखंड और पश्चिम बंगाल में बेंच देते थे। अभियुक्तों की पकड़ने में एसआई संदीप यादव, हेड कांस्टेबल जयचंद, अनिल कुमार, कांस्टेबलप्रेमकिशोर, कृष्णकुमार, सर्विलांस सेल से महताब आलम, शरद शुक्ला मौजूद रहे।

## आरज़ू पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया

**सीतापुर(ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरसोही के गांव शाहमहोली में स्थित आरज़ू पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शाहमहोली चौकी प्रभारी हरिश्चन्द्र यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये गये जिसमे स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में उत्साह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है बस उसे निखारने की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के मंच बच्चों में उनकी प्रतिभा निखारने में सहायता प्रदान करते हैं। अंत में स्कूल के प्रबंधक रहीस हमद व प्रधानाध्यापक संजय कश्यप ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया तथा आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावक समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## सर्प काटने से 12 वर्ष के युवक की मौत

**कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम नवागांव में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई नवागांव निवासी राज सिंह उम्र 12 वर्ष पुत्र कमलेश सिंह को विषैला सांप ने काट लिया राज कच्ची कोठरी में बेड पर बैठकर पढ़ाई कर रहा था कक्षा 6 का छात्र था बड़ी बहन जब खाना खाने के लिए बुलाने गई तो सोता मिला जिसको काफी जगाने के बाद होश नहीं आया घर वालों ने आनंन फानन में एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया डॉक्टर ने बताया किसी विषय में सर्प ने काटा। राज सिंह के पांच भाई थे जिसमें से यह चौथे नंबर पर था एवं तीन बहने थी जिसमें एक की शादी हो गई पिता कमलेश सिंह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे राज की मृत्यु सुनने पर गांव में सन्नाटा बीत गया परिवार वालों ने पोस्टमार्टम न कराकर कर अंतिम संस्कार कर दिया गांव के निवासी विनोद कुमार सिंह व मग्नू राजवंशी ने बताया कि यह गांव में पहली बार हुआ है की सांप काटने पर किसी इंसान की मृत्यु हुई है अभी तक देवी देवताओं का कुछ ऐसा आशीर्वाद रहता था कि कई लोगों को सांप काटा है लेकिन किसी की मृत्यु नहीं हुई या हादसा पहली बार देखने को मिल रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगे पचास लाख हड़पने के आरोप, ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल

**फतेहपुर।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल पर जनपद बांदा के एक भाजपा नेता ने 50 लाख रुपये हड़पने का गम्भीर आरोप लगाया है। बांदा के भाजपा नेता ने संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें संगठन में उचित पद व दायित्व दिलाने के नाम पर फतेहपुर के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने 50 लाख रुपये पार्टी फंड में जमा करने को लिए थे। उनका आरोप है कि उन्होंने पार्टी फंड में रूपया जमा न करके अपने पास रख लिए हैं। वहीं फतेहपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मामले को विरोधियों की साजिश बताया है। उन्होंने शिकायत को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मेरी साफ-सुथरी छवि को धूमिल करने के लिए विरोधी साजिश कर रहे हैं। मैं अजित कुमार गुप्ता के खिलाफ आइटी एक्ट एवं मानहानि का मुकदमा दर्ज कराऊंगा, और सख्त कार्रवाई कराऊंगा। जिलाध्यक्ष पद पाने के लिए खरीद फरोख्त को लेकर इंटरनेट मीडिया में एक पत्र व कुछ आडियो प्रसारित होने के बाद फतेहपुर जिले में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। कानपुर-बुंदेलखंड के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अजित कुमार गुप्ता ने पत्र में आरोप लगाया है कि कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के माध्यम से पार्टी फंड में 50 लाख रुपये जमा करने को कहा गया था। यह बात भी हुई थी कि संगठन में भी उचित दायित्व दिलाया जाएगा. उनका आरोप है कि फतेहपुर के जिलाध्यक्ष ने पार्टी व मेरे साथ विश्वासघात किया है। पार्टी के नाम पर वसूली करने वाले नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि अभी उन्होंने पार्टी फोरम में शिकायत की है। न्याय नहीं मिलने पर कानूनी कार्रवाई भी करूंगा।

## एसएनके ग्रुप पर आयकर की कार्रवाई जारी, 28 करोड़ नकद व सौ करोड़ की मिली टैक्स चोरी

**कानपुर।** एसएनके पान मसाला कारोबारी और उनसे जुड़े व्यापारियों के देश भर में 47 ठिकानों पर शनिवार को चौथे दिन भी आयकर की कार्रवाई जारी है। सूत्रों की माने तो अभी तक 106 बोगस कंपनियों के नाम सामने आ चुके हैं। इसके साथ ही कार्रवाई में अब तक सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की टैक्स चोरी व 28 करोड़ रुपये नकद बरामद किया गया है। एसएनके पान मसाला के मालिक नवीन कुरेले द्वारा कर चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। आयकर विभाग द्वारा उसके व उससे संबंधित लोगों के प्रतिष्ठानों पर देश भर के 47 ठिकानों पर चौथे दिन भी छापेमारी जारी है। नवीन कुरेले ने नौकरों और कर्मचारियों के नाम पर करोड़ों रूपये का कारोबार और संपत्तियां खरीद रखी है। उनके पास कानपुर समेत गाजियाबाद, मुम्बई, दिल्ली और नोएडा में काफी संपत्तियां हैं। सूत्रों की माने तो अब तक की कार्रवाई में देश के 47 अलग-अलग ठिकानों से 106 बोगस कंपनियां, 100 करोड़ की टैक्स चोरी, 45 करोड़ रुपये की ज्वेलरी समेत 28 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जिसे देख यह कहना गलत नहीं होगा कि उनके नौकर भी करोड़पति निकले। छापेमारी के दौरान दिल्ली, मुंबई समेत कई जगहों पर उनकी संपत्तियां मिली हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में अहम साक्ष्य भी मिले हैं। मसाला कारोबारी टैक्स चोरी कर वह पैसा होटल उद्योग में खपा रहा है। बताते चलें कि इससे पहले भी दीपावली के समय भी डीजीजीआई टीम ने छापेमारी के दौरान टैक्स चोरी की बड़ी गड़बड़ी पकड़ी थी।

## प्रदेश का पहला विधानसभा क्षेत्र जहां होंगे चार राजकीय महाविद्यालय

**मीरजापुर।** चुनार विधायक अनुराग सिंह ने शनिवार को निर्माणाधीन राजकीय बालिका महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित काश्तकारों से मुलाकात कर मुआवजे की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (पीएमजेएसवाई) कमलेश कुमार और सहायक अभियंता अनिल कुमार के साथ मिलकर उन्होंने भवन, मार्ग और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। महाविद्यालय 11.43 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है और इसे मई 2026 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक ने बताया कि शासन ने महाविद्यालय के लिए 36 पदों के सृजन की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि जमालपुर राजकीय महाविद्यालय बनने के बाद, चुनार विधानसभा उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा क्षेत्र होगा जहां चार राजकीय महाविद्यालय होंगे। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## समाधान दिवस में आईं 113 शिकायतें , निस्तारण केवल 10का

**उन्नाव।** सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील बीघापुर, उन्नाव में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुसिल अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बीघापुर, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 40, पुलिस विभाग की 23, विकास विभाग की 25 सहित अन्य विभागों की 25 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि यदि शिकायतकर्ता बुजुर्ग या चलने-फिरने में असमर्थ है, तो उसकी शिकायत का निस्तारण फोन पर वार्ता कर पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए।

# एक करोड़ की लागत से होगा स्टेडियम का कायाकल्प, जल शक्ति मंत्री ने किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालौन। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को इन्दिरा स्टेडियम व कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को साझा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से उरई नगर की संरचना में सुधार होगा और स्थानीय जनता को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जल शक्ति मंत्री ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि (वर्ष 2024-25) के तहत उरई नगर के इन्दिरा स्टेडियम में तरणताल के मुख्य द्वार पर सुंदरीकरण और पुनरोद्धार कार्य की स्वीकृत लागत 12.14 लाख रुपये, बुंदेलखंड विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत तरणताल में शेड निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 39.92 लाख रुपये, और इंटरलॉकिंग नवनिर्माण (पथवे) कार्य की स्वीकृत लागत 24.02 लाख रुपये का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने तरणताल परिसर में टाइलीकरण कार्य की स्वीकृत लागत 24.42 लाख रुपये और सीसी रोड, विधुतिकरण एवं जलापूर्ति कार्य की स्वीकृत लागत 8.75 लाख रुपये का शिलान्यास भी किया। मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत उरई नगर के कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर भवन निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 24.39 लाख रुपये का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त, उरई विकास प्राधिकरण द्वारा एनआईसी गेट से जालौन चुंगी तक सड़क के दोनों ओर सौन्दर्यकरण का कार्य भी लोकार्पित किया गया। कलेक्ट्रेट गेट के सामने स्ट्रीट स्कैपिंग एवं सौन्दर्याकरण के कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा ग्रामीण और शहरी विकास को प्राथमिकता दी है। इन परियोजनाओं से न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इन योजनाओं का कार्यान्वयन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, जल शक्तिमंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मोहम्मदी ने सुनीं जनसमस्याएं



❐ एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहम्मदी-खीरी। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व, विकास और पुलिस विभागों से आई शिकायतों में राजस्व से जुड़े मामलो का संबंधित अधिकारी से जांच कर समाधान करने को कहा वही नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के सभासदों ने भ्रष्टाचार की जांच को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।तहसील समाधान दिवस में स्तर कई विभाग के अधिकारी थे मौजूद। इस मौके पर तहसीलदार प्रीति सिंह, नायब तहसीलदार ताहिर परवेज,वन विभाग से राजेश वर्मा और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# श्याम नगर एलआईसी पार्क के आसपास बसी अवैध बस्ती देख भड़की महापौर



**एजेंसी**

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय को मिली तमाम शिकायतों के बाद शनिवार को वह श्याम नगर के वार्ड 74 स्थित एलआईसी पार्क पहुंची। पार्क के आस-पास अवैध रूप से बड़ी संख्या में कब्जा कर अवैध रूप से बस्ती बसाकर रह रहे लोगों को देखकर भड़क गयीं। उन्होंने जोनल अधिकारी को जांच के निर्देश देते हुए अगले दो दिनों में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। वार्ड की समस्या के समाधान के अंतर्गत महापौर आपके वार्ड कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 24 दशहरा पार्क कृष्णानगर पहुंची थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मिली शिकायतों के आधार पर उन्होंने श्याम नगर वार्ड 74 स्थित एलआईसी पार्क का जायजा लेने पहुंची। पार्क के आस-पास सौ से ज्यादा कच्चे मकान बनाकर निवास करते पाए गए। यही नहीं खुलेआम कटिया डालकर बिजली चोरी भी की जा रही थी। नजारा देख महापौर ने नाराजगी भरे शब्दों में जोनल अधिकारी अनिरूद्ध सिंह से कहा कि इतनी बड़ी बस्ती आखिरकार कैसे बस गई? इसके बारे में पूरी जानकारी कर अगले दो दिनों में रिपोर्ट पेश कर अवगत कराएं। ताकि इन सभी पर कार्रवाई की जा सके।

# रबि फसलों में लगने वाले कीट रोगों के बचाव की जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को दी जानकारी

**एजेंसी**

फतेहपुर। मौजूदा समय में मौसम परिवर्तन के कारण रबी फसलों में लगने वाले कीट रोगों की संभावना बढ़ गई है। जिसे ध्यान में रखते हुए बचाव एवं प्रबंधन के लिए कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरुकता की आवश्यकता है। शनिवार को किसानों को जानकारी देते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि गेहूं की फसल में दीमक व गुजिया के प्रकोप के नियंत्रण के लिए क्लोरोपायरिफॉस 20% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से सिंचाई के पानी के साथ प्रयोग करना चाहिए। माहू फीट के जैविक नियंत्रण के लिए एजाडिरक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करना चाहिए। रासायनिक नियंत्रण के लिए ईमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस एल की 1 एमएन मात्रा प्रति ली0 पानी में घोल बना कर छिड़काव करें। पीली गेरुई के नियंत्रण के लिए प्रोपिकोनाजोल 25% ईसी 500 मिनी प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 600 से 700 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। पत्ती धब्बा रोग के नियंत्रण के लिए पायोफिनेट मिथाइल 70% डबल्यूपी 700 ग्राम अथवा मैन्कोजेब 75%डबल्यूपी 2 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 700 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। सरसों व राई फसल में माहू कीट के जैविक नियंत्रण के लिए एजाडिरक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। रासायनिक नियंत्रण के लिए ईमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस एल की 1 एमएन मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करे। आरा-मक्खी एक सूँडी प्रति पौधा एवं बालदार सूँडी 10 में 15% प्रकोपित पत्तियां दिखाई देने पर आर्थिक क्षति स्तर मानते हुए मैलाथियान 50% ईसी की 1.5 लीटर अथवा क्यूनालफॉस 25% इसी की 1.25 नीटर मात्रा को 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। पत्ती सुरंगक (लीफ माइनर): जैविक नियंत्रण के लिए एजाहिरक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 2.5 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग किया जा सकता है। कीट के रासायनिक नियंत्रण के लिए ऑक्सिडीमेटोन मिथाइल 25% ईसी अथवा क्लोरपायरीनफास 20% ईसी की 1 लीटर की मात्रा को प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। अल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग के नियंत्रण के लिए मैनकोजेब 75% डबल्यूपी अथवा जीनेब 75% डबल्यूपी की 2 किग्रा मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। तुलासिता रोग के नियंत्रण के लिए मैनकोजेब 75% डबल्यूपी अथवा जीनेव 75% डबल्यूपी की 2 किलोग्राम अथवा कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 50% डबल्यूपी की 3 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए।

# कुशीनगर में नियम विरुद्ध पट्टा करने वाले,जौनपुर के एडीएम बर्खास्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले में तैनाती के दौरान ग्राम समाज की जमीन को नियम विरुद्ध तरीके से पट्टा किये जाने के कारण जौनपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात गणेश प्रसाद को शासन ने बर्खास्त कर दिया है। कहना न हो गया कि गणेश प्रसाद जब कुशीनगर जनपद के पडरौना मे एसडीएम थे उस समय उन्होंने नियमो को ताक पर रखकर ग्राम सभा की जमीन का पट्टा किया था। मामले की जानकारी जब शासन को हुई तो शासन ने इस प्रकरण को कुशीनगर जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच करा कर रिपोर्ट मांगी थी।

**जिलाधिकारी की जांच में मिली गड़बड़ी,**

शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी कुशीनगर ने मामले की जांच कराई जिसमे गड़बड़झाला पायी गयी। गडबड़ी की पुष्टि होने के बाद डीएम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव



भेजा था। दोषी पाये जाने पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद एडीएम गणेश प्रसाद बर्खास्त कर दिया गया। इसके अलावा शासन ने बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले में दो पीसीएस अधिकारी आशीष कुमार और मदन कुमार को निलंबित किया है। आशीष कुमार वर्तमान समय में बरेली में एडीएम और मदन कुमार मऊ के मुख्य राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात हैं. दोनों अधिकारियों पर बरेली तैनाती के दौरान भूमि घोटाले में शामिल होने का आरोप है। निलंबित दोनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबंध कर दिया गया। बताया जाता है कि इन दोनों अधिकारियों की निलंबन से पहले बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे व बरेली रिंग रोड निर्माण के भूमि घोटाले में तीन पीसीएस अधिकारी सहित 17 पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निलंबित किया गया है। भूमि अधिग्रहण में करीब 200 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का मामला सामने आ चुका है।

**दो महिला अधिकारी भी हुई थी सस्पेंड**

इससे पहले सरकार ने हरदोई जिले में नियम विरुद्ध अपात्रों को जमीन का पट्टा देने के मामले में दो पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर किया था। इनमें एडीएम न्यायिक फर्रुखाबाद स्वाति शुक्ला और एसडीएम एटा प्रतीत त्रिपाठी शामिल थीं। इन दोनों महिला अधिकारियों पर आरोप था कि इन्होंने हरदोई में तैनाती के दौरान नियम विरुद्ध 71 अपात्रों को कृषि भूमि का पट्टा दे दिया था।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील कप्तानगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**❐ प्राप्त प्रार्थना पत्रों का नस्तारण निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त करने का दिए गए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में आज तहसील कप्तानगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध,



गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 27 में से 08 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 04, विकास विभाग से संबंधित 08, स्वास्थ्य विभाग का 01, तथा अन्य विभाग के 12 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 52 में से 08 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 44 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी कप्तानगंज विकास चंद्र,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया,पी डी जगदीश त्रिपाठी, बीएसए राम जियावन मौर्य, तहसीलदार, सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ एवं थानाध्यक्ष गण,पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पैंगोलिन दिवस पर कार्यक्रम कर बच्चों को किया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना/कुशीनगर। विश्व पैंगोलिन दिवस पर पडरौना रेंज के मिश्रौली स्थित एमडी विद्या मंदिर मे वन विभाग व एसएमसीजी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट व जेआरएफ पर्यावरण शुभम कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि विश्व पैंगोलिन दिवस हर वर्ष फरवरी महीने के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पैंगोलिन के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसके संरक्षण के लिए किये जाने वाले प्रयासों में तेजी लाना है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि पैंगोलिन दुनिया में सबसे अधिक अवैध रूप से तस्करी किये जाने वाले जंगली स्तनपायी है। इस कारण इसकी कुछ प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। जेआरएफ ने कहा कि वर्ल्ड पैंगोलिन डे को मनाने का उद्देश्य पैंगोलिन जीव की प्रजाति के मिट रहे अस्तित्व को बचाना है। कार्यक्रम को फॉरेस्ट रेंजर जयंत सिंह राणा,आकाश त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेंद्र दीक्षित, संदीप पटेल, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ढाढा चीनी मिल को डेढ़ सौ लाख कुंतल गन्ना पेराई के लिए चाहिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। अवध शुगर मिल ढाढा को गन्ना पेराई के लिए 150 लाख कुंतल गन्ना चाहिए इस समय गन्ने की उपलब्धता इससे कम है, यह जानकारी चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना अवधेश चंद्र गुप्ता ने चीनी मिल परिसर में आयोजित बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी को संबोधित करते हुए दी । सभी गन्ना किसानो से अनुरोध किया कि अधिक क्षेत्रफल में बसंत कालीन गन्ने की बुवाई करें । सबसे अधिक उपज देने वाली प्रजाति को.15023 गन्ना प्रजाति बोने वाले किसान को दो बोरी बायो पोटाश प्रति एकड़ फ्री दिया जा रहा है। गन्ना खेती में कृषि यंत्रों का प्रयोग एवं उसके लाभ विषय पर जानकारी देते हुए यंत्र विशेषज्ञ डॉक्टर दुष्यंत बादल ने बताया कि समय की मांग है सभी किसान गन्ने की खेती में ऑटोमेटिक कैन प्लांटर ,पेड़ी प्रबंधन



डिवाइस का प्रयोग को डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाकर समझाया गया। गोष्ठी में पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच, गोरखपुर ने बताया कि आज तक किसी किसान ने पेडी गन्ने का गुड़ाई कर उर्वरक प्रयोग नहीं किए हैं ,जबकि पेडी गन्ने का क्षेत्रफल लगभग 40% है। जुताई गुड़ाई कर उर्वरक बावक गन्ने के बराबर जड़ों के नजदीक प्रयोग करें। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान सूर्य नारायण मिश्र तथा संचालन उप महाप्रबंधक गन्ना डी डी सिंह ने किया, तथा नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे का वितरण किसान भाईयों को करने के बारे में बताया गया। गन्ना प्रबंधक प्रबंधक देवेश गिल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। 6 किसानों को बड कटर मशीन देकर सम्मानित किया गया। विजय सिंह , अजय प्रताप, विभूति नारायण, ज्ञानेश्वर बरनवाल, वीरेंद्र राय, जागबली चौहान,सहित क्षेत्र के 100 से अधिक कृषकों ने किसान गोष्ठी में भाग लिया।

# केन्द्रीय बजट आर्थिक सशक्तिकरण व सभी वर्गो को विकास के लिए समर्पित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना,कुशीनगर। केंद्रीय बजट 2025 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के विकास को समर्पित है। केंद्र सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण व नवाचार को गति देने वाला साबित होगा। भारतीय जनता पार्टी इस बजट को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिला तथा मंडल स्तर तक बजट का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह बातें जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने शनिवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 16 फरवरी रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में अपराह्न 2 बजे बजट पर प्रबुद्ध संगोष्ठी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी बजट की विशेषताओं पर चर्चा करेंगे। संगोष्ठी में जनपद के किसान, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक,प्रबन्धक, कवि, पत्रकार, छात्र, चिकित्सक व उद्यमी भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, अतुल श्रीवास्तव,जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, धनंजय तिवारी द्वितीय, प्रवीण गुंजन आदि मौजूद थे।

# स्नेहा को न्याय दिलाने के लिए सपा और अपना जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। वाराणसी में नीट की छात्रा स्नेहा कुशवाहा की हत्या के मामले को लेकर कुशीनगर के पडरौना शहर में भी लोग कैंडल मार्च निकाल कर न्याय दिलाने की मांग की । खड्डा विधानसभा के प्रभारी प्रत्याशी रहे समाजवादी पार्टी के विजय प्रताप कुशवाहा ने कहा बीते कुछ दिनों पहले नीट की छात्रा स्नेहा कुशवाहा वाराणसी के एक हॉस्टल में फंदे से लटकती हुई लाश पाई गई थी,जिसके बाद स्नेहा के परिजनों ने रेप और हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को पुलिस द्वारा बचाने का आरोप लगाया था। परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी की रेप के बाद हत्या हुई थी,और बिना इन लोगों की परमिशन के इनकी बेटी की लाश को जला दिया था । शनिवार को स्नेहा को न्याय दिलाने के लिए अपना जनता पार्टी और



समाजवादी पार्टी के पडरौना के विधानसभा प्रभारी प्रत्याशी रहे विक्रमा यादव के साथ पडरौना शहर के जूनियर हाई स्कुल मे लोग एकत्रित हुए । इसके बाद अपना जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा समाजवादी पार्टी के खड्डा विधानसभा के प्रभारी प्रत्याशी रहे विजय प्रताप कुशवाहा और विधानसभा पडरौना सदर के विधायक प्रत्याशी रहे विक्रमा यादव के अगवाई में कोतवाली चौक से हाथों में कैंडल लेकर स्नेहा कुशवाहा की हुई मौत के मामले में न्याय दिलाने की मांग करते हुए सुभाष चौक तक मार्च की। इस दौरान पैदल मार्च में शामिल लोगों ने पडरौना शहर के कटकुईया मोड पर स्थित भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दिवंगत स्नेहा कुशवाहा की प्रतिमा स्लोगन रख यहां श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी से जुड़े पूर्व के खड्डा विधानसभा प्रभारी प्रत्याशी रहे विजय प्रताप कुशवाहा ने कहा कि दिवंगत स्नेहा कुशवाहा के निधन के बाद जिस तरीके से उसके परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी की रेप के बाद हत्या हुई और उनके परिवार के लोगे ने बताया था की बीना बताए बिना उवके लोगों के परमिशन के इनकी बेटी की लाश को जला दिया गया,ताकि सबूत मिट जाए। यह खबर मिलते ही सोशल मीडिया पर स्नेहा को न्याय दिलाने के लिए लोग एकत्रित हुए हैं। एक विडियों में स्नेहा की मां ने रोते हुए बताया था सरकार बेटी बचाव और बेटी पढाओ का नारा देती है लेकिन मेरी बेटी बिना पढे ही हमसे दूर चली गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा,अनिल कुशवाहा, सज्जन गुप्ता,लालमन कुशवाहा, उदय कुशवाहा, भागवत कुशवाहा, दिनेश चौधरी, बबलू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, श्री नारायण कुशवाहा, रंजन कुशवाहा, संतोष आदि लोग मौजूद रहे।

# 12 दिवसीय न्यूनतम मजदूरी जन जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दसंयुक्त तत्वावधान में जनपद कुशीनगर में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी की जानकारी और सुझाव के लिए 12 दिवसीय जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर, रीता देवी सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर ने एडी आर भवन से किया। और उन्हों ने मजदूरों की गोष्ठी में संबोधित कहे कि मजदूरों के काम और प्रकृति के अनुसार न्यूनतम मजदूरी का अधिकार है जिसे मिलना ही चाहिए तथा समय समय पर उनकी कौशल बांधकर उन्हें उनके अनुसार व्यवस्था होनी चाहिए। रामवृक्ष गिरि केंद्र प्रभारी गिरि ने बताया कि एक्शन एड



सहायतित श्रमिक सुविधा केंद्र असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए संचालित है जिसके द्वारा यह अभियान 15 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक कुशीनगर जनपद के विभिन्न ब्लॉक और गांव में खेतिहर, निर्माण, दिहाड़ी, ईंट भट्ठा, सफाई, कूड़ा बिनने वाले और मनरेगा मजदूरों के बीच उनके बस्तियों में भ्रमण करके न्यूनतम मजदूरी और नोटिफाइड कामों में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी की जानकारी कराएगा तथा मजदूरों के लिए मजदूरों के द्वारा आवश्यकताओं और लेबर कोड में बदलाव हेतु सुझाव आमंत्री करेगा साथ ही उनके समर्थन में लोगों का हस्ताक्षर कराएगा। विदित हो कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक 6 माह पर न्यूनतम मजदूरी रिवाइज किया जाता है जिसमें श्रमिकों के मूल मजदूरी दर, जीवन निर्वहान भत्ता और स्थानीय परिस्थितियां, कौशल, उत्पादकता तथा रोजगार की श्रेणियों को शामिल कर तय किया जाता है। अभियान के शुरुआत में खेतिहर , निर्माण, ईंट भट्ठा, सफाई मजदूर प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी गण, पैनल अधिवक्ता, सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर, श्रमिक सुविधा केंद्र और श्रम विभाग के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान दीपाली श्रीवास्तव पीएलए, कमज जहां एलडीएलए, गीता त्रिपाठी पीएसलए, राजू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, दुर्गा देवी, रामबहाल सिंह, आदि सैकड़ों मजदूर उपस्थित रहे।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में धूमधाम से खेलकूद और वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी,दौड़ इत्यादि में प्रतिभाग किया। बच्चों ने विषय आधारित एवं उद्देश्य परक विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ब्लॉक के एआरपी डॉक्टर आशीष कुमार सिंह,रीना चौरसिया,निष्ठा मिश्रा एवं पवन कुमार ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। देशभक्ति विषय आधारित एवं रोचक कहानी से जुड़ी लघु नाटिका, बच्चों के फैशन परेड जैसे कार्यक्रमों को विशेष सराहना मिली। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि पार्षद अशोक उपाध्याय,जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा विद्यालय विकास में प्रत्येक प्रकार का सहयोग देने का आशासन दिया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में अतिथियों एवं ब्लाक के सभी एआरपी ने खेलकूद में विजयी बच्चों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू श्रीवास्तव एवं जिला महामंत्री जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सुधीर सहगल द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ । इस अवसर पर रेणुका वर्मा, प्रतिमा शुक्ला, अंजू देवी, मनीषा शुक्ला पांडेय, पूनम, रूपम श्रीवास्तव, नंदनी श्रीवास्तव, माया तिवारी, अनुराधा वर्मा,अदिति प्रभाकर, अनीता मिश्रा,जगजीवन,वीर बहादुर,गुड़िया जहां इत्यादि शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**❐ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ हुआ**

# माथे पर तिलक, हाथ में कलावा सनातनियों की पहचान

एजेंसी

जालौन। उरई शहर के राठरोड़ स्थित गल्ला मंडी में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन कथाव्यास देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि कोई कहता है नींद नहीं आती, जो मेहनत करता है। उसे नींद के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। मेहनत और संघर्ष में अपनी नींद और आराम की कीमत नहीं होती। जब हम अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होते हैं और पूरी निष्ठा से काम करते हैं, तो हमारी मेहनत ही हमें शांति और संतोष देती है। कहने का मतलब यह है कि नींद सिर्फ आराम की नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतोष की भी होती है। माथे पर तिलक, हाथ में कलावा और गले में कंठी होना आवश्यक है। शास्त्र कहते हैं कि जिसके माथे पर तिलक नहीं होता, वह पाप का भागी होता है। माथे पर तिलक लगाने से व्यक्ति के मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वह मानसिक शांति का अनुभव करता है। व्यास पीठ में जो शक्ति होती है। वह न केवल भौतिक रूप में होती है, बल्कि यह आध्यात्मिक उर्जा



का रूप भी होती है। यह शक्ति हमें हमारी आस्थाओं और जीवन के उद्देश्य को समझने में मदद करती है। कथा सुनने से न केवल हमारा ज्ञान वर्धित होता है, बल्कि हमारी आत्मा भी शुद्ध होती है। व्यास पीठ और कथाएं दोनों में ही एक अद्वितीय शक्ति होती है, जो हमें आत्मिक उन्नति, मानसिक शांति और जीवन के उच्चतम उद्देश्य की ओर मार्गदर्शन करती हैं। मां का कर्ज़ हम कभी चुका नहीं सकते। वह सिर्फ हमारी देखभाल नहीं करती, बल्कि हमारे अस्तित्व को संजीवनी शक्ति देती है। एक मां का प्यार और बलिदान अनमोल होते हैं, और इसे शब्दों में समेटना असंभव है। मां की ममता और उसके प्यार का कोई हिसाब नहीं होता।

# राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में इंटर का फ़ेयरवेल पार्टी का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया मजिसमें मिस्टर फ़ेयरवेल विनय चौहान, मिस फ़ेयरवेल चांदनी पठान तथा रनर फ़ेयरवेल मिस शगुन कश्यप रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र- छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गएम् फ़ेयरवेल समारोह में छात्रों ने अपने अनुभवों और यादों को साझा किया। उन्होंने अपने शिक्षकों और साथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा उनकी यादों में रहेंगे।कॉलेज के प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव, उप प्राचार्या शीला श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्रवक्ता टी के चौधरी ,पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आरती निगम ,रूबी मिश्रा ,साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह, पंकज शुक्ला , सरिता राठौर आदि उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन,94 में से सिर्फ 13 शिकायतों मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में शनिवार को करनैलगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें आए हुए फरियादियों की सक्षम आला अधिकारियों ने फरियादें सुन कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।जिले की डीएम नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व सभी विभागों के आला अफसरों ने करनैलगंज तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनी।इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल विभागों की 94 शिकायतें पहुंची,जिसमें 13 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधि कारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्रा प्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय,तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जां चकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अ वैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पु लिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सु निश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उस के आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का नि स्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिका री ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणव त्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें जनसुन वाई के दौरान शिकायतकर्ता रामतेज पुत्र राम आसरे निवा सी ग्राम माथुरा परगना व तहसील करनैलगंज ने अवगत कराया कि हमारे गांव के लेखपाल पंकज कुमार शुक्ल के द्वारा चिट्ठा कुर्रा से संबंधित मेरी पत्रावली को काफी दिनों से अपने पास दबाये रखे हुये हैं।जिस पर कड़ी नाराजगी वक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी करनैल गंज को संबंधित लेखपाल के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस अव सर पर उपजिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव, अपर उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैल गंज सौरभ वर्मा , तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसील दार अनु सिंह, अल्पिका वर्मा, राम प्रताप पाण्डेय, जिला वि कास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव,परियोजना निदे शक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला प्रोबे शन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, एसएचओ करनैलगंज, कटराबाजार, कौड़िया बाजार तथा परसपुर सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह फरवरी के तृतीय शनिवार को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, एसडीएम न्यायिक लालधर व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। डीएम ने कहा कि अगले पखवाड़े में उनके द्वारा तहसीलों का निरीक्षण किया जायेगा। सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिया कि पटलों पर अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति को दुरूस्त कर लिया जाय। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, सहा.अभि. लघु सिंचाई मंशाराम मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार अभय राज पाण्डेय, नायब तहसीलदार सुरेन्दर व सचिन सम्बन्धित बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में यहां पर प्राप्त हुए 127 प्रार्थना-पत्रों में से 04 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 20 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 30 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 14 के सापेक्ष 04, पयागपुर में प्राप्त 57 के सापेक्ष 04 व महसी में प्राप्त 12 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 01 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# शिकायत के बावजूद भी कोटेदार नहीं हुई ठोस कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। वकास खंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत कोटिया मदारा में एक कोटेदार द्वारा 149.80 क्विंटल खाद्यान्न के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम निवा सी दीप नारायण शुक्ला उर्फ दीपक ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और दुकान निरस्त करने की मांग की है।शिका यतकर्ता के अनुसार,कोटेदार मंजू देवी पत्नी हीरालाल ने कथित रूप से फर्जी मार्कशीट के आधार पर कोटे की दुकान हासिल की थी।आरोप है कि उन्होंने श्याम मनोहर और हीरालाल के अंत्योदय राशन कार्डों पर 238 माह और 190 माह के राशन की कूटरचना करके हेराफ़ेरी की।इस तरह कुल 149.80 क्विंटल खाद्यान्न को एआरओ और पूर्ति निरीक्षक की मिलीभगत से गबन किया गया। दीप नारायण शुक्ला का आरोप है कि जिलाधिकारी को पूर्व में भी शिकायत की गई थी लेकिन पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कोटेदार पर कोई ठोस कार्रवाई करने के बजाय केवल राशन कार्ड निरस्त करने और नाम हटाने जैसी मामूली कार्यवाही की,तहसील समाधान दिवस के मौके पर प्रार्थी ने पुनः जिलाधिकारी को शिका यती पत्र सौंपा और कोटेदार सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और दुकान निरस्ती करण की मांग की।अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है या फिर शिकायतों की फाइलें सिर्फ दफ्तरों में धूल फांकती रहेंगी।

# पूर्व चेयरमैंन भाजपा नेता ने झाड़ फूंक के बहाने महिला से गैंगरेप

❑ पकड़ कर ले गई बरेली पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बरेली पुलिस ने एक गंभीर गैंगरेप मामले में गोंडा से भाजपा नेता और मनकापुर नगर पंचायत के पूर्व चेयर मैन प्रत्याशी सतीश गुप्ता को गिरफ्तार किया है।मामला गोंडा जिले की एक महिला से जुड़ा है,जिसे झाड़फूंक के बहाने बरेली ले जाया जा रहा था।घटना पिछले साल 31 मार्च की है,जब पीड़िता को उसकी बीमारी का इलाज करा ने के बहाने सतीश गुप्ता और उनके तीन साथी - अमित कुमार तिवारी, अवधेश कुमार त्रिपाठी और पवन कुमार सिंह बौद्ध - बरेली ले जा रहे थे।टिसुआ बाजार के पास फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में रात करीब आठ बजे आरोपि यों ने गाड़ी रोक दी और एक अन्य बाबा से मिलने का बहाना बनाया।पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उसे और उसके पति को नीचे उतारा और तमंचे की नोक पर धमका या।इसके बाद सभी आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।पीड़िता और उसके पति की चीख-पुकार सुनकर उनके एक परिचित धर्म कुमार उर्फ पुत्तन मौके पर पहुंचे तो राहगीरों को देख भागे उसी समय कुछ राहगीर भी आने लगे तो विपक्षीगणों ने हम लोगों को कहीं भी शि कायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गये।इस मामले में महिला ने स्थानीय थाने व पुलिस अधिकारी से शिकायत की,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने न्यायाल य में परिवाद दाखिल कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।वही बरेली न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को कोर्ट ने गैंगरेप का आरोपी माना और सम्मान जारी कर न्यायालय में पेश होने को कहा।पांच बार सम्मान जारी होने के बाद न्यायालय में पेश न होने पर गैर जमानती वारंट जारी किया गया।इसके तहत बरेली जन पद की पुलिस ने मनकापुर के मोहल्ला आजाद नगर निवा सी सतीश गुप्ता को उनके घर से शनि वार 15 फरवरी को सुबह पांच बजे गिरफ्तार क़र लिया हैं।पुलिस ने आरोपी को बरेली न्यायालय में पेश करने के लिए लें गईं हैं वही प्रभारी निरीक्षक मनकापुर मनोज पाठ क ने बताया कि बरेली जनपद की पुलिस ने जारी गैर ज मानती वारंट में सती श गुप्ता को गिरफ्तार कर अपने सा थ बरेली ले गयी है।और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# प्रदेश के महानिदेशक आयुष ने किया जनपद का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रदेश के महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी कार्यालय बहराइच का भ्रमण कर भवन एवं परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव का जायज़ा लिया तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आमजन तक आयुष पद्धति को पहुंचाया जाय। बैठक के दौरान महानिदेशक आयुष चिकित्सकों द्वारा बतायी गई समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण कराये जाने की बात कहीं। महानिदेशक ने पं दीनदयाल उपाध्याय आयुर्वेदिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नगर बहराइच, जिला होम्योपैथिक कार्यालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुण्डासर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गण्डारा एवं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय भकला इत्यादि का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि चिकित्सालय आने वाले सभी मरीज़ों को शासन की मुशानुरूप चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। महानिदेशक श्री सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट के दौरान 50 बेडेड चिकित्सालय के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस अवसर पर आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा, ज़िला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ यूसुफ अली अंसारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ बंदना, डॉ राजेश, डॉ सुधीर, डॉ आंतरिक्ष बैशवार, डॉ पुनीत चौधरी, डॉ राजेश कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# एसएसबी द्वारा चल रहे बेसिक कंप्यूटर कोर्स का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी बटालियन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता 59 बटालियन के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की, जबकि उप-कमांडेंट अभिनव कश्यप ने मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह, (प्रभागीय वनाधिकारी) बहराईच का गर्मजोशी से स्वागत किया । अपने संबोधन में श्री कश्यप ने बताया कि एसएसबी न केवल सीमाओं की सुरक्षा में तत्पर है, बल्कि समाज के कल्याण और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं को डिजिटल साक्षरता प्रदान कर तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था, जिससे वे आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें । मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह ने भी एसएसबी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाने में सहायक होंगे, बल्कि यहां के युवाओं को नई तकनीकों से अवगत कराने और उनके कौशल को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । उन्होंने युवाओं को सीखने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखने, नए विषयों की खोज करने और अपने अर्जित ज्ञान का सदुपयोग समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में करने की प्रेरणा दी । 30 दिनों तक चले इस कोर्स में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें कंप्यूटर संचालन, टाइपिंग, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट उपयोग और साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग दी गई । प्रशिक्षकों ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ युवाओं को डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया । समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । साथ ही, ग्राम सलारपुर (बहराइच) के अनुराग सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक कंप्यूटर सेट भेंट किया गया । यह पुरस्कार अजीत प्रताप सिंह, (प्रभागीय वनाधिकारी), बहराईच, द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने अनुराग सिंह को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विजय कुमार मिश्रा (रेंजर) बहराईच, नसीम खान, (जिला कौशल विकास), विजेंद्र लाकरा, निरीक्षक, सीमा शुल्क मिहींपुरवा, कृष्ण कुमार (पोस्ट मास्टर) उप-डाकघर, मिहींपुरवा तथा बलईगाँव, बसथाना व सराईकला के ग्राम प्रधान एवं दिव्यांशु मिश्रा, डायरेक्टर संस्कार एजुकेशनल एवं वेलफ़ेयर सोसाइटी तथा 59वी बटालियन, नानपारा से अभिनव कश्यप (उप-कमांडेंट), ओम प्रकाश मिश्र (उप-कमांडेंट), पलाश लूथरा (सहायक कमांडेंट) व अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे समारोह के अंत में सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया । यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के लिए सीखने और सशक्तिकरण का अवसर बना, बल्कि एसएसबी द्वारा समाज में किए जा रहे योगदान का भी एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया । सीखते रहिए, आगे बढ़ते रहिए ।

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 2000 युवाओं के आवेदन बैंकों में लंबित

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि युवा उद्यमियों को ऋण देने में बैंक लापरवाही न बरतें। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लोन लेने वाले करीब दो हजार युवाओं के आवेदन बैंकों में लंबित हैं। अभी तक सिर्फ 252 लोगों के ऋण स्वीकृत हुए हैं। इधर बैंकों ने अभी तक 92 युवा उद्यमियों को ऋण वितरित किया है। बैठक में एसबीआई के प्रतिनिधि ने बताया कि बैंक स्तर पर 500 आवेदन पत्र लंबित हैं। योजना को देखने के लिए एक कर्मचारी की तैनाती की गई है। इस मामले में बैंक अधिकारी से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की हिदायत दी गई ताकि आवेदनों का शीघ्र निबटारा किया जा सके। सीडीओ सुमित यादव ने स्पष्ट किया कि बैंकों द्वारा जो आवेदन निरस्त हो रहे हैं, उनके संबंध में बैंकवार सूची तैयार कर लाभार्थियों से वार्ता होनी चाहिए। इस मामले में एलडीएम बैंकों के निरस्त आवेदनों की संयुक्त सूची तैयार करेंगे। संबंधित बैंकों से कारण जानने के लिए पत्र जारी करेंगे। पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि ने बताया गया ।

# कैसरगंज में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। ग्राम पंचायत खपुरवा गांव पाल नगर (थलिया) विकासखंड फखरपुर विधानसभा कैसरगंज में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा प्रदीप कुमार रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक डॉ राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन आनंद प्रकाश यादव पूर्व सदस्य जिला पंचायत फखरपुर ने किया। कार्यक्रम के संचालन यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी समाजवादी साथियों को ये पीडीए पर्चा अखिलेश यादव जी का पीडीए पर्चा नहीं पिछड़े दलित अल्पसंख्यक आधी आबादी गरीबों मजलूमों को हक अधिकार दिलाने का मिशन है, इस पीडीए पर्चा को आप सभी को पीडीए समाज के घर घर तक पहुंचाना है अखिलेश जी के विजन विकास कार्यों को बताना है क्योंकि प्रभुत्ववादियों और उनके संगी-साथियों के लिए बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए ये प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहे हैं। तदपश्चात इसी गांव को पूर्व में थलिया के नाम से जाना जाता था जिससे पाल समाज के लोगों के मांग पर सभी प्रबुद्ध लोगों के बीच गांव का नाम थलिया बदलकर पाल नगर के रुप में नया नामांकरण किया गया। इस कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू, अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संत कुमार पासी, पूर्व ब्लाक प्रमुख पेशकार राव देवेश कुमार पाल, छविनाथ पाल, रामलाल पाल, रंजीत पाल, रामु पाल, मनीराम पाल, पहलवान पाल, धर्मराज पाल, देशराज पाल, रामविलास पाल, झगरू पाल, शेख अनवर अली, कलामुद्दीन अंसारी, तस्लीम शेख, राम तेज यादव प्रधान, राशिद शेख अमरदीप यादव तमाम समाजवादी साथी व पाल नगर के ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# रिश्वतखोरी के मामले में जाँच रिपोर्ट से प्रशासन असंतुष्ट

❑ डॉ.अतुल सिंह रोगी से शल्य चिकित्सा के बदले सुविधा शुल्क मांगने का है मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा रोगी की शल्य चिकित्सा के लिए सुविधा शुल्क मांगने के लगे आरोपों की दो सप्ता ह चली जाँच से मेडिकल कालेज प्रशासन के असंतुष्ट होने के चलते एक और कमेटी का गठन करते हुए उसे एक स प्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है ज्ञात हो की डॉ क्टर अतुल सिंह पर आरोप लगा था की उनके द्वारा मरी ज से मांग की गईं धनराशि न दे पाने में असमर्थता जताने पर डाक्टर द्वारा रोगी को कुछ दवाइयों सहित अन्य सामा न बाहर से लाने के लिए पर्ची लिखकर थमा दिया गया था शिकायत मेडिकल कालेज प्रशासन के सज्ञानं में आने पर आनन फानन में एक तीन सदस्यों की टीम का गठन करते हुए पंद्रह दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।जाँच टीम ने समय से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत भी कर दी लेकिन इस प्रकरण पर हुई वार्ता के क्रम में मेडिकल काले ज के प्रिंसिपल डॉक्टर धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने जा नकारी देते हुए बताया की टीम द्वारा सौपी गईं रिपोर्ट संतो षजनक नहीं है इसलिए प्रकरण की गहराई से जाँच के लि ए एक और टीम गठित की गईं है,ये टीम भी तीन चिकित्स कों की है जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगा,टीम को वि शेष निर्देश दिए गए है जिसके तहत वह साक्ष्य संकलन के लिए विशेष प्रयास कर सकती है।उन्होंने बताया की हमारा प्रयास है की प्रकरण की पूरी और वास्तविक सच्चाई साम ने आये जिससे किसी के साथ भी अन्याय न होने पाए इस के लिए यदि कुछ अतिरिक्त समय लगता है तो लगाया जा सकता है।

# संस्कृत की तरह तमिल भी सबसे पुरानी भाषा,देश में सांस्कृतिक एकता दिखाने का सबसे बड़ा मिसाल: धर्मेन्द्र प्रधान

एजेंसी

वाराणसी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि संस्कृत की तरह तमिल भी देश की सबसे पुरानी भाषा हैं, जो सांस्कृतिक एकता दिखाने का सबसे बड़ा मिसाल हैं। काशी-तमिल संगमम् एक सांस्कृतिक उत्सव है। इसका उद्देश्य उत्तर भारत और दक्षिण भारत की विविध पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रथाओं को एक साथ लाना है। केन्द्रीय मंत्री यहां नमोघाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन के साथ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने बटन दबाकर संगमम का उद्घाटन किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ हम सभी के जीवन में सौभाग्य लेकर आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी और मुझे संगमम के अतिथियों को कुंभ क्षेत्र में रहने और दर्शन कराने दायित्व सौंपा है। इस बार के महाकुंभ ने समस्त सनातनियों में जागृति पैदा की है।विशेषकर समाज का सामान्य वर्ग और युवा वर्ग ने महाकुंभ दर्शन का संकल्प लिया है, ऐसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि तमिल अतिथियों को इस बार बाबा विश्वनाथ के साथ महाकुंभ मेला तथा अयोध्या स्थित राममंदिर में दर्शन करने का अवसर मिलेगा। अयोध्या राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आयोजित इस तमिल समागम के अतिथि भी भाग्यशाली हैं कि आपको वहां दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। इस बार का महाकुंभ न केवल भारतीय बल्कि पूरी दुनिया के सनातनियों में नयी ऊर्जा का संचार किया है। केन्द्रीय मंत्री ने समागम में आम बजट में उल्लेखित नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी तथा 22 भाषाओं के डिजिटल कुम्भ के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार के केंद्रीय बजट में पहली बार प्राविधान किया गया है कि एआई के माध्यम से देश की महान ग्रन्थों को संरक्षित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण को दोहराते हुए 2047 तक विकसित भारत की बात कही। कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए हमें इसे मूर्त रुप देना है। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर और दक्षिण के लोगों के सांस्कृतिक व धार्मिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आयोजित समारोह को सराहा। उन्होंने कहा कि संगमम हमारे लिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत, के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के महायज्ञ का भाग है। यह आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके (पीएम मोदी) नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है।

## बच्चों को कराया गया अन्नप्रासन्न,

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 03 गर्भवती महिलाओं मैनसी, मीना कौशल व किरन की गोद भराई की 03 बच्चों अनिष्ठा पटेल, वेदांश श्रीवास्तव व नीतू को अन्नप्रासन कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुज़ुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 06 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी किये गये। डीएम व एसपी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुज़ुर्गों को अपने हाथ से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

## पति ने फरसे से पत्नी का गला काटकर उतारा मौत के घाट

**हरदोई।** टड़ियावां थाना क्षेत्र के रावल गांव में एक सनकी पति ने मामूली विवाद पर पत्नी को फरसा से काटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दर्दनाक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा। शनिवार की शाम टड़ियावां थानाक्षेत्र के रावल गांव में पति ज्ञानेंद्र ने अपनी पत्नी 24 वर्षीय कीर्ति की फरसे से गला पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारे पति को हिरासत में ले लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र के अनुसार कीर्ति की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। मायका थानाक्षेत्र के ही लहराई गांव में है। विवाहिता के पिता का नाम सूरज प्रसाद है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## 22 साल पहले गैंगस्टर एक्ट के मामले में दो दोषियों को चार–चार साल की सजा

**मुरादाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या छह सियाराम चौरसिया की अदालत ने शनिवार को 22 साल पहले गैंगस्टर एक्ट के मामले में दो दोषियों को चार–चार साल की सजा सुनाई। साथ ही आरोपितों पर दस–दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। संभल के बहजोई में 31 अगस्त 2003 को तत्कालीन थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बहजोई क्षेत्र के पुरा गांव निवासी केदार और रामकुंवर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या छह सियाराम चौरसिया की अदालत में की गई।

# गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिस में जिलाधिकारी निशा अनंत ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिया। आज तहसील गौरीगंज में कुल उन्नीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में बीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में उन्नीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण कराया गया तथा तहसील तिलोई में तेइस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बंगलौर से अयोध्या जा रही बस ट्रक से टकराने पर बनी आग का गोला

## बस पर सवार आठ घायल यात्रियों में से तीन को जिला अस्पताल किया गया रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। बंगलौर से अयोध्या व कुम्भ प्रयागराज जा जाने के लिये निकली डबल डेकर वोल्वो बस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टोल गेट के पास आगे चल रहे टेलर से जा टकराई हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ समय बाद देखते ही देखते बस में आग लग गई।आग लगने से पहले पीआरबी 2794 की मदद से टक्कर में घायल बस चालक सहित सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया वही घायल आठ यात्रियों को पीआरबी की टीम द्वारा तत्काल शुकुल बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां घायलों का इलाज चल रहा है।घायलों मे तीन लोगो की हालत गम्भीर देखकर तीरथ पुत्र गोपाल व प्रांजल को ट्रामा सेंटर व धर्मेंद्र पुत्र ओम प्रकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। बाकी सभी यात्रियों को अन्य साधनों के सहारे उनके गंत्वय स्थान को भेजवा दिया गया है।यात्रियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी की कुछ ही देर बाद अचानक बस में आग लग गई सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।हादसे के बाद बस के जलने के कारण पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर वाहनों की लम्बी कतार दिखी कुछ समय के लिये आवागमन बाधित रहा प्रशासन की मदद से आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया गया। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया की सभी यात्री सुरक्षित है बाकी जो घायल यात्री है उनका इलाज चल रहा है हादसे के कारण का स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

# आर्म बॉक्सिंग नेशनल मेडलिस्ट को मैडल पहना कर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। लखनऊ सीतापुर रोड स्थित लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित नेशनल आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप जोरो शोरो से आयोजित हुआ। जिसमें से कई राज्यों से 180 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वही सुल्तानपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिभागी किया। जिसमें मोहम्मद उजैर(48कि.) सब जूनियर टच कॉन्टैक्ट, सानिया(40कि) गर्ल्स सब जूनियर, अजाज अहमद (-40it) राहिल खान (60कि) ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर सुल्तानपुर जिले का गौरव बढ़ाया। वही जिले से निर्णायक मंडल में आशुतोष शर्मा, मोहम्मद माजिद अली, शुभम धुरिया, अल्तमश राजा ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वही आर्म बॉक्सिंग इंडिया के राष्ट्रीय सचिव वा निदेशक नसरुद्दीन मौजूद रहे। खिलाड़ियों के सुल्तानपुर लौटने पर गनपत सहाय महाविद्यालय के प्रबंधक और बीजेपी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश पांडेय (बजरंगी ) ने राष्ट्रिय स्तर की प्रतियोगिता में मैडल जीत कर आये खिलाड़ियों को मैडल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि आप लोग ऐसे ही मेडल्स जीत कर सुल्तानपुर जिले का नाम रौशन करते रहो।

# वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। श्रीमती धनपति देवी जयसवाल इंटर कॉलेज, वैदहा में वार्षिक उत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसमें उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कांति सिंह व राकेश प्रताप सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.आर.ए.वर्मा थे, जबकि कलान विद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह ‘राजू भैया, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह और इंजीनियर रूपेश सिंह भाजपा नेता अजय प्रताप सिंहल्लपिन्टूल्लचेयरमैन श्रीपाल सिंह महाविद्यालय ने भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया, जिससे छात्रों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। छात्रों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. आर. ए. वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। हमें उन्हें हर संभव अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए ताकि वे उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। वार्षिक उत्सव के मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। लोकनृत्य, देशभक्ति गीतों और नाट्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विद्यालय प्रबंधक अंशित कुमार सिंहल्लपिंचू एवं शिक्षकों ने बच्चों के इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने इस मौके पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह ‘राजू भैया’ ने कहा,ल्लहमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले और वे जीवन में बड़े मुकाम हासिल करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर कुलदीप सिंह जिला पंचायत सदस्य, मनोज कुमार सिंह, संतोष सिंह, अनिरुद्ध प्रसाद मिश्रा, जगदीश नारायण उपाध्याय, सरजू प्रसाद दप पांडे, अवधेश प्रताप सिंह, विजय बहादुर सिंह, रणधीर सिंह प्राचार्य, श्रद्धा सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, राहुल तिवारी डॉ सचिन सिंह बाल रोग विशेषज्ञ, मशरू खान सलारपुर बीडीसी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने गौरीगंज के बरनाटीकर स्थित नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के साथ ही उसमें सैनिक विश्राम गृह एवं अधिकारी,कर्मचारी के आवास, गेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया है सभी कार्य पूर्ण हो गये हैं। जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा पूरे कार्यालय परिसर का गहनता से निरीक्षण कर गुणवत्ता का जायजा लिया गया और निरीक्षण के दौरान दीवारों के निचले हिस्से में पेंटिंग उखड़ी हुई पाई गई जिसे सही करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में बिजली, पानी कनेक्शन की स्थिति का भी जायजा लिया एवं कार्यालय परिसर में वाटर रिचार्ज सिस्टम के निर्माण के बारे में भी जानकारी ली जिस पर कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्यालय में दो वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाये गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय में रैम्प बनवाने, बाथरूम में दरवाजा लगवाने के साथ ही पूरे परिसर में वृक्षारोपण के साथ ही छोटे पेड़ पौधे, घास इत्यादि लगवाने के निर्देश दिया तथा कार्यालय परिसर में बेहतर जल निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने छोटे मोटे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुये कार्यालय को संबंधित विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये हैं।जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें,अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें,जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मयंक गोस्वामी उप जिलाधिकारी अमरिया,अधिशासी अभियन्ता सिंचाई,अधिशासी अभियन्ता,बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी व आर आर रमन तहसीलदार अमरिया,खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## साठा धान की पौध को नष्ट कराने पहुंचे अधिकारी, किसानों ने मांगा कोर्ट का आदेश

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर में किसानों के द्वारा साठा धान की पौध को तैयार किया जा रहा है। और जिले में अधिकारियों ने साठा धान पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसी को लेकर किसानों ने न्यायालय का सहारा लिया और साठा धान की पौध तैयार कर रहे हैं। शनिवार को पूरनपुर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह तहसीलदार हबीबुर रहमान घुंघचाई पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और साठा धान की पौध को नष्ट कराने के लिए कहा पर किसानों ने अधिकारियों की एक न सुनी बोले साठा धान को लेकर मामला न्यायालय में चल रहा है। उसके बाद भी अधिकारी साठा धान की पौध को नष्ट कराने के लिए पहुंच गए। इस पर किसानों ने अधिकारियों से न्यायालय का आदेश मांगा जिसके बाद तहसील प्रशासन उलटे पैर बापस लौट आया है।

## प्राथमिक विद्यालय ताला प्रथम का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को तहसील अमेठी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ताला प्रथम का स्थलीय निरीक्षण कर बच्चों से पढ़ाई की स्थिति, मिड डे मील, खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया एवं संबंधित शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उपस्थित बच्चों से किताब पढ़वाया एवं उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ाने को कहा तथा विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिया।

## एमओआईसी की अध्यक्षता में सीएचसी में निश्चय दिवस मनाया गया



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत के अभियान के अंतर्गत एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की मनसा अनुरूप निश्चय दिवस के अवसर पर हबीब उर रहमान अंसारी तहसीलदार के द्वारा टीवी 100 दिन कैंपेनिंग प्रोग्राम में चिन्हित 5 क्षय रोग ग्रसित व्यक्तियों को गोद लिया गया जिस क्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष राज शर्मा के माध्यम से सभी 5 मरीज को पोषण किट वितरण की हैं।साथ ही संबंधित बीमारी से बचाव एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की जानकारी और अपने क्षेत्र में आस पास के लोगों को जागरुक कर एवं संबंधित बीमारी से कैसे बचा जा सके एवं अन्य संबंधित जानकारी दी गई हैं।जिसमें डॉ प्रियंका चतुर्वेदी,डॉ रेहान खान,डॉ दुष्यंत मौर्य,आशीष यादव, अजीत कुमारद्बएवं अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## मोहनगंज पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने जमुरवां माइनर पुलिया के पास से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय शिवानन्द पाण्डेय निवासी ग्राम बधैयापुर मजरे कमालपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को जमुरवा माइनर पुलिया के पास से समय करीब सवा ग्यारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## शुकुल बाजार प्रीमियर लीग का फीता काटकर किया शुभारम्भ

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कृष्ण रामचंद्र इंटर कालेज के मैदान पर शनिवार को शुकुल बाजार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ बतौर मुख्य अथिति भूपेंद्र विजय सिंह ने फीता काटकर किया गया।शुकुल बाजार प्रीमियर लीग कृष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कालेज क्रिकेट मैदान पर आयोजित किया जा रहा है लीग के आयोजक अनिकेत सिंह ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट मे सोलह टीमे प्रतिभाग करेंगी यह टूर्नामेंट एक सप्ताह तक चलेगा। उदघाटन में ब्लाक प्रमुख हारुन खान द्वारा टीमों के सदस्यों का परिचय लिया गया वही भूपेंद्र विजय सिंह ने शॉट लगा कर मैच का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही जनसत्ता दल के नेता भूपेंद्र विजय सिंह ’’प्रकाश’’ ने गांव वासियों व युवा साथियों से खेलों के साथ जुड़ने का आहवाहन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में बहुत सी प्रतिभाएं हैं जिन्हें सिर्फ तलाशने की आवश्यकता है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख हारुन खान,व्यापार मण्डल अध्यक्ष संदीप शुक्ला, सर्वेश प्रताप सिंह, महेश दुबे, रमेश तिवारी, अतीक अहमद, तैफुरी अंश ठाकुर सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## लेखपाल की अधिवक्ताओं ने की पिटाई, एसडीएम ने साधी चुप्पी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पूरनपुर। तहसील परिसर में शनिवार को राजस्व निरीक्षक कार्यालय में लेखक सतीश बाबू राना बैठे थे। आरोप है कि इस दौरान एक अधिवक्ता विरासत के मामले में लेखपाल सतीश बाबू राना से मिलने के लिए पहुंचा और उन्होंने विरासत के संबंध में बातचीत की। तभी दोनों लोगों में कहासुनी व गाली गलौज हो गई। जिसके बाद अधिवक्ता साथी अधिवक्ताओं के साथ दोवारा से पहुंचा और गाली गलौज करते हुए लेखपाल की पिटाई कर दी। इस दौरान अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि लेखपाल पाँच हजार रुपए विरासत के हिसाब से मांग रहा था और इसी को लेकर गाली गलौज व मारपीट हुई है। वही लेखपाल का आरोप है कि विरासत को लेकर अधिवक्ता दबाव बना रहे थे और जाति सूचक गालियां देते हुए पिटाई कर दी। लेखपाल की पिटाई का मामला एसडीएम के संज्ञान में आने के बाद भी एसडीएम ने चुप्पी साध ली और लेखपाल व अधिवक्ताओं के साथ बंद कमरे में बातचीत करने लगे।

# विद्यालय के वार्षिकोउत्सव में आकर्षण का केंद्र रही सेल्फी प्वाइंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। अमरिया ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारात बोझ की प्रधानाध्यापिका संगीता

### छह बच्चों सहित कई अभिभावकों को वार्षिकोउत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया गया

वर्मा के कुशल निर्देशन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारात बोझ में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका ने कहा कि हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। कि आप लोगों के सहयोग से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है।वार्षिक उत्सव में आए बच्चों के अभिभावको से कहा कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे जिससे बच्चों को निपुण बनाया का सके। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।साथ ही अभिवावको से बच्चो को खेल के लिये प्रेरित करने की भी बात कही है।ताकि वो आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सके। कार्यक्रम बच्चों को उपहार भी वितरण किए हैं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा,एआरपी प्रवीण शुक्ला,वीरपाल ग्राम प्रधान,शमा परवीन, एकता रानी,राजेश कुमार, कामता प्रसाद सहित विद्यालय का स्टाफ एव बच्चों के अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अमरिया पदाधिकारियों ने तहसील दिवस में विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अमरिया।तहसील दिवस अमरिया में उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मण्डल कस्बे की समस्त समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में अवगत कर माँग की गई की अमरिया नगर में सड़क किनारे बंद व खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए ,सड़क किनारे बने ऊंचे नालों की वजह से सड़क पर खड़े वाहनों का पुलिस द्वारा काटे जा रहे चालानों से हो रही दिक्कत तथा कस्बे में पार्किंग व मुख्य चौराहों पर सुरक्षाकर्मी होमगार्ड की तैनाती एवं सड़क किनारे साफ सफाई एवं गंदगी व कूड़े के ढेर हटवाने आदि मांगो को लेकर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर अध्यक्ष असगर अली, कोषाध्यक्ष इमरान कादरी, संरक्षक जहीर मलिक, तहसील महामंत्री मो. तारिक रजा, अकुंश गुप्ता, हिमांशू गुप्ता, कौशल गुप्ता, चेतराम प्रजापति, सुभाष गुप्ता, मोनिश, आदि अन्य सभी व्यापारी उपस्थिति रहे।

# खैरात के खिलाफ

देश में विभिन्न चुनावों से पूर्व लगातार मुफ्त की योजनाओं के ऐलान पर कठोर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीति-नियंताओं से सवाल किया है कि कहीं हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? अदालत की चिंता की हकीकत पर मोहर लगाते हुए बुधवार को सी.आई.आई साऊथ ग्लोबल लिंकेज समिट में लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि सरकारी मुफ्त स्कीमों के कारण निर्माण उद्योग में मजदूरों की कमी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेल्फ़ेयर स्कीमों से आराम की उपलब्धता के कारण निर्माण से जुड़े श्रमिक काम करने से कतरा रहे हैं। यह भी कि दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं, लेकिन भारत में लोग काम के लिये दूसरे शहरों में जाने के लिये तैयार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की चिंता इसलिए भी वाजिब है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, विभिन्न वर्गों को नगदी हस्तांतरण, बिजली-पानी की मुफ्त योजनाओं के कारण कई राज्यों की सरकारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी विकासशील देश के लिये यह उत्साहजनक स्थिति नहीं है। यह भी हकीकत है कि जब किसी व्यक्ति को सुविधाएं आसानी से और मुफ्त मिलने लगें तो वह आलसी हो जाता है। साथ ही विकास की मुख्यधारा से भी कट जाता है। दरअसल, कल्याणकारी योजनाओं का मकसद नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना होता है। लेकिन यदि लोग काहिली की राह चुनने लगें तो यह देश हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। एक आदर्श स्थिति तो यह होनी चाहिए कि सरकार अपने नागरिकों के लिये ऐसा कार्यशील वातावरण बनाये, जिससे देश के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो। लेकिन दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में वोट पाने का शॉर्टकट मुफ्त की रेवड़ियां बांटना हो गया है। वहीं गरीबी उन्मूलन एक सुविधाजनक राजनीतिक हथियार बना है। जिसके चलते चुनाव से पहले मुफ्त की घोषणाएं राजनीतिक फैशन बन गया है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की वह टिप्पणी तार्किक है कि वोट के लालच में राजनीतिक दल परजीवियों का एक वर्ग तैयार कर रहे हैं। काम के बदले अनाज व अन्य सुविधाएं देना तो तार्किक है, लेकिन मुफ्त का राशन व नकदी देना उचित नहीं है। कोरोना संकट में रोजगार के साधन सिमटने की वजह से मुफ्त अनाज समय की जरूरत थी, लेकिन इस योजना को लगातार नहीं चलाया जाना चाहिए। आखिरकार मुफ्त योजनाओं का बोझ आयकरदाताओं पर ही पड़ता है। जरूरतमंद लोगों में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें राष्ट्र के लिये योगदान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। देश की अदालत बार-बार राजनेताओं से ऐसी घोषणाओं से परहेज करने को कहती रही है, लेकिन राजनीतिक दलों पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। देश में मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाना बेरोजगारों के हित में एक सकारात्मक कदम था। लेकिन मुफ्त में राशन व नगदी देना लोगों को अकर्मण्य बनाने जैसा ही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि मनरेगा में लगातार कम होता पंजीकरण मुफ्त की योजनाओं का ही नकारात्मक प्रभाव हो। सरकारों को चाहिए कि रोजगार के नये-नये अवसर सृजित करें। मुफ्त देने के बजाय लोगों को स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनाये। देश की तरक्की और विकास की दृष्टि से मुफ्त की योजनाएं घातक ही कही जा सकती हैं। जाहिर बात है कि यदि घर बैठे सब-कुछ आराम से मिलने लगेगा तो श्रमिक काम की तलाश में घर से क्यों निकलेंगे। निस्संदेह, मुफ्त की योजनाएं देश के विकास के लिये एक प्रतिगामी कदम ही है। यह भारतीय लोकतंत्र के हित में भी नहीं है कि मतदाता लेन-देन के आधार पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने लगें। कालांतर वे इसे अपना अधिकार समझने लगेंगे। फिर उनकी आकांक्षाएं भी बढ़ने लगेंगी। फिर वे योग्य जनप्रतिनिधि का चयन करने के बजाय तात्कालिक आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देने लगेंगे। निश्चित रूप से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह शुभ संकेत नहीं है। दुनिया में इससे भारतीय लोकतंत्र की अच्छी छवि कदापि नहीं बनेगी। नीति-नियंताओं को ऐसी रोजगार बढ़ाने वाली योजनाओं को प्रश्रय देना होगा जो नागरिकों को स्वावलंबी, स्वाभिमानी और कर्मशील बनायें।

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

**दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते़ गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है।**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते़ गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले। देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चें पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा। **– ललित गर्ग**

# एआई की सौगात : संभावनाएँ और चुनौतियां

**गिरीश्वर मिश्र**

एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है। एआई बड़ा संक्रामक है और देश-काल की सीमाओं को तोड़ते-फ़लांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है। वैसे तो एआई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सबकुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके ज़रिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक़्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निर्माता की नियति तय करता दिख रहा है। आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने-काँपने लगा है। मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है। सत्य अर्थात वह जिसका अस्तित्व है (सत) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमे अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ ज़रूर होता है। वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके। सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं। परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के क़रीब पहुँचा देती है। आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं। सारी क़ानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है। वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तबी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है। वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है। यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ़ ले जाती है जिसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धिमत्ता के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें, व्यवहार शैली और जीने का अंदाज़ सबकुछ बदलता जा रहा है। इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है। मनुष्यता के स्वभाव, बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है। जीवन में एआई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर तरफ़ उपस्थित है। पिछले कुछ दिनों में डीप फ़ेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है। एआई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है। निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है। एआई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी एआई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पाकर हम अब यह सोच रहे हैं कि एआई क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे-यह आकर्षक पर ख़तरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से एआई की संभावनाओं के साथ इससे जुड़े बड़े ख़तरों की ओर ध्यान खींचा, शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफ़ी न होगी। उसके किए समानुभूति, इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हमारे समाधान छिछले, संकुचित और नुक़सानदेह हो सकते हैं। सबकुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई के नैतिक और सामाजिक आयाम भी हैं। शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान परौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। एआई का नियंत्रित उपयोग वहां हितकारी हो सकता है वहां कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि ज़रूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा।

## सेहत मंत्र

# मसाला ही नहीं सेहत का खजाना भी है काली मिर्च

काली मिर्च का प्रयोग कई तरह की डिश में किया जाता है ताकि यह भोजन के स्वाद को बढ़ा सके। काली मिर्च महज एक स्पाइस नहीं है, बल्कि यह सेहत का खजाना है। कई तरह की बीमारियों को दूर करने में इसकी मदद ली जा सकती है। तो चलिए जानते हैं काली मिर्च से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पेट की परेशानियों को कहें अलविदा- यदि काली मिर्च का सेवन भोजन में किया जाए तो इससे पेट संबंधी परेशानियां जैसे पेट फूलना, अपच या कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसा इसके एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण होता है। इतना ही नहीं, यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे भूख न लगने या कम भूख लगने की समस्या भी दूर होती है। घटाए वजन-अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखने की चाहत रखते हैं तो काली मिर्च को किसी न किसी रूप में अपनी डाइट में अवश्य शामिल करें। दरअसल, इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में मौजूद वसा की बाहरी परत को तोड़ते हैं। जिससे पहले से जमा फैट तो कम होता है ही, साथ ही अतिरिक्त फैट भी बॉडी में जमा नहीं हो पाता। मजबूत करें प्रतिरक्षा तंत्र- किसी भी तरह की बीमारी से लड़ने और उसे मात देते के लिए इम्युन सिस्टम का स्टांग होना बेहद आवश्यक है और इसे मजबूती प्रदान करने का काम करती है काली मिर्च। वास्तव में काली मिर्च में फोलेट व विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसे आप चाहे तो भोजन में शामिल करें या फिर इसके पाउडर का सेवन पानी के साथ करें। खांसी-जुकाम से राहत-सर्दी के मौसम में हर घर में व्यक्तियों को खांसी जुकाम की समस्या होती ही है। ऐसे में काली मिर्च लाभकारी साबित होगी। दरअसल, काली मिर्च एक एंटी?बैक्टीरियल की तरह काम करती है, जिससे खांसी?जुकाम से राहत मिलती है। इसके सेवन के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च को क्रश करके डालें और सेवन करें। तनाव करे दूर- आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है तो ऐसे में काली मिर्च को डाइट में शामिल करने से इसे काफी हद तक मात दी जा सकती है। काली मिर्च में पिपरीन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन से लड़ने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईसवीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

## पर्यटन



# भारत के इन खूबसूरत शहरों में बिताएं फुर्सत और सुकून के पल

ट्रैवलिंग के लिए हर कोई ऐसी जगह की तलाश करता है जहां वह सुकून के पल बिता सकें। आप परेशान न हो क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ ऐसी डेस्टीनेशन लेकर आए हैं, जोकि जन्नत से कम नहीं है। भारत के इन जगहों को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। तो चलिए इन जगहों पर शांति और सुकून तो होता ही है साथ ही आपको घूमने का असली मजा भी मिलेगा।

1. असम, मजुलीः ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसा माजुली भारत का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इस डेस्टीनेशन के बारे में जानते हैं। इसे युनेस्को की तरफ से वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया जा चुका है। यहां आप हरे-भरे पहाड़, साफ पानी के झारनों, पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियां और चाय के बागानों को देख सकते हैं।

2. महाराष्ट्र, तरकली बीचः शोरगुल और भीड़-भाड़ से दूर आप महाराष्ट्र के इस हिल स्टेशन में भी अपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं। काली नदी और अरब सागर के संगम पर स्थित इस बीच में आपको सुकून का अहसास होगा।

3. केरल, वायनाडः हरे-भरे वातावरण में छुट्टियां सुकून से बिताने के लिए यह हिल स्टेशन भी परफ़ेक्ट ऑप्शन है। पश्चिमी घाट वायनाड का सुकून वातावरण टूरिस्ट को अपनी तरफ अट्रैक्ट करता है।

4. मेघालय, मॉलिनॉन्गः भारत के इस हिल स्टेशन को एशिया का ईको-फ्रेंडली देश घोषित कर दिया गया है। यहां काफी खूबसूरत वॉटरफॉल्स, हरे-भरे पेड़ और अद्भुत बिल्डिंग्स है, जहां आप घूमने का मजा ले सकते हैं।

5. कर्नाटक, गोकर्णः कर्नाटक के गोकर्ण में आप प्राचीन मंदिर, सनसेट और सनराइज का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा यहां के स्वस्थ पानी में आप बोटिंग और गोताखोरी का मजा भी ले सकते हैं।

# भक्त का धारण कर भगवान भोलेनाथ बने लोधेश्वर महादेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## राष्ट्रीय एकीकरण समभाव की प्रेरणास्थली है महादेवा




रामनगर बाराबंकी। जिला मुख्यालय (बाराबंकी) से 33 किलोमीटर दूर रामनगर तहसील के लौधौरा गांव में विराजमान हैं लोधेश्वर महादेवा । सोलहवीं सदी में अयोध्या के नागेश्वर नाथ व नैमिषारण्य में ललिता देवी ललितेश्वर महादेव तथा लोधौरा के महादेव का मान प्रणाम जग विख्यात था। यह मठ मंदिर अति प्राचीन और विराजमान भगवान शिव यहां हुए उथल-पुथल का साक्ष्य हैं । पुरोहित परिवार एवं महादेवा मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित वीरेंद्र कुमार अवस्थी लोधेश्वर महादेव जी का इतिहास गाथा कहते हैं, प्राचीन काल में पंडित लोधेराम अवस्थी नामक एक विद्वान दयालु और धर्मपरायण किसान थे।एक रात भगवान शिव ने स्वप्न में उन्हें दर्शन देकर संकेत दिया कि उनके खेत में एक शिवलिंग स्थित है जिसकी स्थापना के बाद यह स्थान विख्यात होगा।अगले दिन जब लोधेराम खेत की सिंचाई कार्य कर रहे थे तो उन्होंने देखा कि पानी एक गड्ढे में समाकर अदृश्य हो रहा है गड्ढे को भरने की कई कोशिशों के बावजूद वे असफल रहे। तभी उन्हें स्वप्न स्मरण आया। उन्होंने वहां खुदाई की तो एक दिव्य शिवलिंग दिखा। जिससे रक्तस्राव हो रहा था।यह देखकर वे भयभीत हो गए लेकिन स्वप्न के दृष्टिगत शिवलिंग की पूजा अर्चना प्रारम्भ की। और बाद में मठिया बना दी गई।

**राजा गरीब सिंह ने कराया मंदिर निर्माण**

कालांतर में रामनगर रियासत के धर्म परायण राजा गरीब सिंह ने यह विशाल मंदिर और यहां पक्का पोखरा (तालाब) बनवाया।

घर्घरा नदी की उपस्थिति और उनकी नांद चंचलता यहां होते उथल-पुथल का गवाही दे रहा है। उसी उथल-पुथल के मध्य महादेवा जी अंतर्धान हुए होंगे.? धीरे धीरे इस तीर्थ की महिमा बढ़ने लगी।

''अवध की भूमि अनन्तकाल से प्रेम तथा सर्वधर्म स?दभाव हेतु जानी जाती है। मई सन 1858 में अवध की मलिका बेगम हजरत महल के अगुवाई में अवध के रजवाड़े यही पक्का तालाब के पास राम चबूतरा पर एकत्रित हुए थे। बौंडी के राजा बलभद्र सिंह चहलारी के नेतृत्व स्वीकारा और अयोध्या की ओर बढ़ती अंग्रेजी सेना को रोकने की सौगंध ली थी। मुसलमानों ने कुरान और हिन्दुओं ने महादेव की क़सम खाईं थी।

**आवश्यकता ! ज्ञात अज्ञात पक्षों को उजागर करना**

अवध की भूमि अनन्तकाल से प्रेम तथा सर्वधर्म स?दभाव के लिए जानी जाती है। महादेवा शिवतीर्थ ही नहीं अपितु राष्ट्रीय एकीकरण सर्व धर्म सम्भाव की प्रेरणास्थली भी है। जिसके ज्ञात अज्ञात पक्षों को उजागर करने की महती आवश्यकता है।

महादेवा में वर्तमान में दो बड़े मेला लगते हैं। अगहन माह में प्रकटोत्सव के अतिरिक्त फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि व सावन मेला। सावन माह में करीब एक माह का मेला लगता है। *सावनी मेला का शुभारंभ डेढ़ दशक पूर्व हुआ*। तत्कालीन जिलाधिकारी विकास गोठलवाल की दूरदर्शिता और प्रबंधन चलते सावन के चार सोमवार वाली पहचान से उबर कर एक माह का मेला हुआ। श्री गोठलवाल के प्रबंधन की सराहना ना करना बड़ी बेइमानी होगी। बताते चलें कि डीएम गोठलवाल द्वारा मनरेगा योजना के तहत बनवाया गया तटबंध मील का पत्थर बना, जब तराई वासियों को दीपावली त्यौहार पर पहली बार अपने खेतों का धान नसीब हुआ। और भगवान गणेश और लक्ष्मी मैया को अपने-अपने खेत के धान का चूरा और खील (धान का लावा)भेंट कर धन्य धन्य हुए।

श्री गोठलवाल द्वारा पहली बार महादेवा में श्रद्धालुओं के लिए कई लाख कीमती शौचालय निर्माण कराया गया। गौरतलब है कि गत वर्ष लाखों खर्च में बना शौचालय प्रारम्भ हुए बिना ही अस्तित्व खो बैठा है।

**व्यवस्थाओं से ग्रस्त है महादेव की नगरी**

देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की नगरी महादेवा अव्यवस्थाओं से घिरी है। स्वामित्व विवाद चालाक घातियों के लिए धर्म भूमि मुनाफ़े का जरिया बनी है। महादेव की सम्पत्ति पर मलिच्क्षो का कब्जा यहां तक कि शिवार्चन तालाब पर एक गैर हिन्दू द्वारा अतिक्रमण कर काम्प्लेक्स निर्माण करा लिया गया। दुखद कि मठ मंदिर की वेशकीमती जमीनों पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण मसले पर मठ मंदिर के देख रेख कर्ता भी किंकर्तव्यविमूढ़ एवं मूकदर्शक। हां कुछ समाज सेवी और संस्थाएं अवश्य आगे आए।

उच्च न्यायालय के आदेश का स्थानीय प्रशासन द्वारा नजरंदाज किया जाना कम चिंतनीय विषय नहीं?

**महादेवा कारिडोर योगी जी महत्वाकांक्षी योजना**

सूबे के मुखिया गोरक्ष पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महादेवा के विकास का बीड़ा अवश्य उठाया है। महादेवा कारिडोर प्रतिफल स्वरुप। बताते हैं कि कुछ चतुर चालाक स्वार्थी तत्व उसमें भी अड़चन पेंच का ताना-बाना बुन रहे हैं।

# छेड़-छाड़ पीड़ित से दुष्कर्म कर की हत्या, तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के चन्द्र सिहाली गांव में शुक्रवार रात छेड़छाड़ पीड़िता का शव संदिग्ध हालत में घर के बरामदे में पड़ा मिला।परिजनों का आरोप है कि छेड़छाड़ की तहरीर वापस न लेने में पर विपक्षियों ने बेटी के साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या कर दी है।पुलिस ने भाई की तहरीर पर नौ लोगों के विरुद्ध हत्या,दुष्कर्म, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना इलाके के चंद्र सिहाली गांव निवासी गीता देवी के मुताबिक,शुक्रवार रात वह अपने बच्चों के साथ घर के बरामदे में चारपाई पर लेटी थी पास में उसकी ननद 16 वर्ष भी तख्त पर सो रही थी।देवरानी केतकी घर के अंदर कमरे सों रही थी इसी बीच रात एक बजे गांव के विजय सिंह व उनकी सावित्री देवी,भतीजे सतेंद्र,धर्मेंद्र, नरेंद्र व रामबहादुर आदि लोग एक राय होकर आए,आरोप है कि गीता देवी को कमरे में बन्द कर बाहर से कुंडी लगा ली और ननद से ज़बरन दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।वारदात को अंजाम देकर सभी मौके से फरार हो गए।शोर मचाने पर कमरे से देवरानी केतकी बाहर आकर दरवाजा खोला तो ननद का शव तख्त पर पड़ा मिला और उसके गले मे खरोच के निशान पाये गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के भाई सूरज सिंह की तहरीर पर विजय सिंह आदि नौ लोगों पर हत्या,दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**पुलिस की निष्क्रियता से हुई जघन्य घटना**

मृतका की भाभी गीता के अनुसार, गत चार फरवरी की शाम जब वह ननद के साथ शौच के लिए गई थी इस बीच विजय ने मृतका ननद से छेड़छाड़ किया था।मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी।लेकिन पुलिस विजय सिंह पर कार्यवाही के बजाय दो दिन बाद उल्टे ही भैस द्वारा पुवाल खा लेने के मामले में सूरज,नीरज,पत्नी गीता,केतकी पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया। बीते 10 फरवरी पुनः छेड़छाड़ की शिकायत सीएम पोर्टल पर की गई।उसके बाद से विपक्षी लागतार तहरीर वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पुलिस को हर बार सूचना दी गई।

# महादेवा: परिसर का भ्रमण कर डीएम ने लिया मेला तैयारी जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। महादेवा धाम के प्रसिद्ध फाल्गुनी मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान उप जिलाधिकारी पवन कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह क्षेत्राधिकारी सौरभ कुमार श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र व मंदिर परिसर सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान डीएम ने खंड विकास अधिकारी सूरतगंज देवेंद्र प्रताप सिंह को साफ़ सफाई के विशेष निर्देश दिए साथ ही बैरीकेडिंग चेक करते हुए अंदर के रास्ते से अभरन सरोवर पहुंचे वहां बैरीकेडिंग व जाल डालने के निर्देश दिए।आगे रावण बाग में व्यापारियों की दुकान देखते हुए लोधेश्वर महादेव के दूसरे गेट पर पहुंचे वहां पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराए गए कार्य को देखा।रोड में कंक्रीट पर डामर नहीं लगाया गया था जिस पर विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बोहनिया पुल अभरण सरोवर बैरीकेडिंग दुकानों आदि का निरीक्षण कर सभी अधिकारियों के साथ श्रीलोधेश्वर महादेव जी के मंदिर पहुंचेवहां पर हाईमास्ट लाइट सही न होने पर निर्देश दिए कि शीघ्र लाइट सही कराई जाए। अगले क्रम में डीएम ने मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर महादेव जी का विधिविधान से जलाभिषेक व पूजन अर्चन किया।इसके बाद जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत के जर्जर रैनबसेरे को चेक किया और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को कहा फिर महादेवा चौकी का निरीक्षण कर वहीं पर सुरक्षा से संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए।

## दुष्कर्म का आरोपित किशोर बाल सुधार गृह से फरार

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बांक गांव से एक युवती को बहला फुसलाकर साथ ले जाने के बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का आरोपित शनिवार को चित्रकूट के बाल सुधार गृह से मौका पाकर फरार हो गया। जिससे हड़कम्प मच गया है। पुलिस ने आरोपित के गांव में छापेमारी की है। लेकिन वह हाथ नहीं लगा है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बांक गांव के निवासी एक व्यक्ति ने गत वर्ष 23 नवम्बर को नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर साथ ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नाबालिग किशोरी व आरोपी को 14 दिसम्बर को बरामद करके बयान दर्ज कराये थे। किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित सुमित उर्फ कमल किशोर के खिलाफ दुष्कर्म सहित पास्को आदि की धाराएं बढ़ाकर चार्जसीट दाखिल की थी। पुलिस ने आरोपित किशोर को 17 दिसम्बर को ही बाल सुधार गृह चित्रकूट भेजा था। शनिवार को वह चित्रकूट से फरार हो गया। इसकी सूचना चित्रकूट पुलिस ने सुमेरपुर थाने में दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपित किशोर के बाल सुधार गृह से भागने की सूचना मिली है। उसकी तलाश में गांव में छापेमारी की गयी है।

# जिला बार एसोशिएशन की तीन दिवसीय आमसभा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, कई बड़े फैसलों का एलान

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के सभागार में चल रही ऐतिहासिक तीन दिवसीय आमसभा विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा के बाद 15 फरवरी की शाम समाप्त हो गई।

जिला बार एसो अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई की अध्यक्षता वा महामंत्री अशोक वर्मा के संचालन में पहले यह आमसभा 6फरवरी को अपराह्न दो बजे प्रारम्भ हुई। इस दौरान आम सभा के एजेंडे से अधिवक्ताओं को पुनः अवगत कराया गया।

6फरवरी को चर्चा करते करते काफी वक्ता/सीनियर एडवोकेट के विचार नहीं आ सके थे,इसे देखते हुए अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने आम सभा 14 फरवरी के लिऐ नियत किया था लेकिन 14को चर्चा के बाद भी कई वक्तागणो के विचार आना शेष रह गया था इसे देखते हुए15 फरवरी के लिऐ आमसभा को अध्यक्ष ने बढ़ा दिया था। यह बार के इतिहास में अभी तक का पहला ऐसा जनरल हाउस था, जो एक ही एजेंडे पर तीन दिन चला। इस मैराथन चर्चा के दौरान लगभग 50 अधिवक्ताओं ने विस्तार से अपनी बाते रखी। कार्यकारिणी के आय व्यय प्रस्ताव को आम सभा ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

लंबी चर्चा सुनने व रुझानों का अध्ययन करने के बाद अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने कई महत्व पूर्ण फैसले लिए, जिनका हाउस ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

अध्यक्ष ने घोषणा की कि प्रत्येक अधिवक्ता को वर्ष भर में ट्रस्ट से वेलफ़ेयर राशि प्राप्त करने हेतु 12वकालतनामा क्रय करने की अनिवार्यता समाप्त की जाती है।यही नहीं विवादित मामलों में ट्रस्ट के साथ बाध्यकारी रूप से एक एडवाईजरी कमेटी जोड़े जाने तथा नान प्रैक्टिस वाले वकीलों को चिन्हित करने के लिऐ भी एक कमेटी बनाए जाने का एलान किया। अध्यक्ष श्री किदवई ने आगे घोषणा की कि जिला बार एसो सभागार में सेंट्रल ए सी लगाया जायेगा तथा प्रत्येक नोटरी वा शपथ पत्र पर एक दस रुपए का टिकट लगाना होगा। वकीलों की बेटी के व्याह में 50 हजार रूपये ट्रस्ट / जिला बार से देने का भी अध्यक्ष ने एलान किया और कहा कि डेथ क्लेम भुगतान से इस धनराशि की कटौती की जायेगी। जूनियर वकीलों के साथ भी नरमी बरतने की बात कहते हुए दो वर्ष तक के नए / जूनियर वकीलों का चंदा बीस रुपए से घटा कर दस रुपए मासिक करने का फैसला भी अध्यक्ष ने सुनाया। इसी तरह कई अन्य अधिवक्ता हितकारी निर्णय भी लिए गए। इस चर्चा में चुनाव अधिकारी/सदस्य एल्डर कमेटी एम के सिंह, पूर्व अध्यक्ष बी के दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन, पूर्व अध्यक्ष हरीश अगिनहोत्री, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष एम पी सिंह, कौशल किशोर त्रिपाठी, सी बी सिंह, रमन द्विवेदी, मलिक अमीनुद्दीन, हुमायूं नईम खां, निशात अहमद, बी के मिश्रा, रमेश चंद्र मिश्र, सुरेश गौतम, नरेश सिंह, शाहीन अख्तर, योगेन्द्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष, श्रवण सिंह, सचिन सिंह, सुनीत अवस्थी, रितेश मिश्रा, आर पी गौतम, रमेश चंद्र भारती, देवेन्द्र प्रताप यादव, राकेश तिवारी, प्रदीप बाजपेई, विजय पांडेय, मदन लाल यादव, अतुल वर्मा, नवीन वर्मा, पंकज श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ता गणों ने अपने विचार व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता वेलफ़ेयर ट्रस्ट की कार्यशैली को लेकर कई वकीलों में काफी तीखी प्रतिक्रिया थी। इस अवसर पर प्राप्त कुछ सुझावों को अध्यक्ष श्री किदवई ने बहुमत के आधार पर अधिवक्ता हित के विपरित मानते हुए खारिज भी किए।

## स्किल डेवलपमेन्ट का प्रशिक्षण भव्य समापन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय चकिया में नान्दी फाउण्डेशन नन्ही कली प्रोजेक्ट के तहत स्किल डेवलपमेन्ट का 10 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें महिन्द्रा ग्रुप एण्ड नान्दी फाउण्डेशन की ओर से बालिकाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने, टाइम मैनेजमेण्ट, सेल्फ डिफेंस, सामाजिक नेतृत्त्व का विकास ,वैश्विक जागरुकता, कैरियर काउंसलिंग, वित्तीय साक्षरता आदि से सम्बन्धित स्किल डवलपमेन्ट प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। ट्रेनर विकास दुबे ने बताया कि लड़ ?कों एवं लड़कियों को उनकी क्षमता तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक परिदृश्य के साथ तालमेल बैठाने, अभिनव रणनीतियों में गहराई तक जानने, बालिकाओं का विकास करने के उद्देश्य से महिन्द्रा एजुकेशन ट्रस्ट-प्रोजेक्ट नन्ही कली द्वारा एक अभिनव पहल की जा रही है। जिससे बालिकाए काफी लाभान्वित भी हो रही है। कम्पोजिट विद्यालय चकिया कि प्रधानाचार्या ने बताया कि यह प्रोजेक्ट बालक एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु एक अच्छी पहल है। इस पर नन्ही कली की अंशुवर्मा, संगीता मौर्या, रजनी,मीनू,मारुत कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइक साइकिल भिडंत, एक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर शनिवार दोपहर को बाइक व साइकिल की भिड़ंत में साइकिल सवार की मौत हुई।कुर्सी थाना क्षेत्र के नहन्नीपुर निवासी माता प्रसाद 50 वर्ष दूध का काम करते थे। शनिवार सुबह वह साइकिल से कैन में दूध लेकर कुर्सी बेचने आए थे। जहां से दोपहर अपने घर वापस लौट रहे थे। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर कपूर कोल्ड स्टोरेज के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे माता प्रसाद व बाइक पर सवार बसारा गांव निवासी साजिद ,सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने माता प्रसाद को मृत घोषित कर दिया।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल व बाइक की भिड़ंत में साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मृतक के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार आतंकवाद पर जीरों टॉलरेंस की नीति पर कायम : डॉ वर्मा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर भाजपाइयों ने शहीद हुए देश के वीर सपूतों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में पार्टीजनों ने शहर के राहुल चौराहा पर स्थित शहीद स्तंभ पर 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को नमन करते हुए पुष्पगुच्छ अर्पित किया। उन्होंने कहा मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरों टॉलरेंस की नीति पर हमेशा कायम है। उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को कायराना बताया। उन्होंने कहा आतंकवाद समूची मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है।जवानों की कुर्बीनी बेकार नहीं जाएगी।डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने कहा सरकार देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा आने वाली पीढ़ियां शहीद जवानों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कभी नहीं भूलेगी.नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल ने कहा देश उनकी वीरता का सम्मान करने के लिए एकजुट है। इस दौरान भाजपा नेता इन्द्रदेव मिश्रा, डॉ राम चरित पाण्डे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सभासद दिनेश चौरसिया, प्रवीण मिश्रा, देवानंद, आत्मजीत सिंह टीटू,सजनलाल कसौधन, मनीष साहू, मंजू तिवारी, शंकर दयाल अग्रहरि, सौरभ पाण्डेय,मनीष साहू, आदि मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा केंद्र का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद अमेठी में निर्धारित यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।इस दौरान थाना क्षेत्र गौरीगंज के राजकीय बालिका इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्र पर तैनात प्रशासनिक,पुलिस कर्मियों को बोर्ड के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

## डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायत का किया मौका मुआयना एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील अमरिया क्षेत्र के अंतर्गत शिकायतकर्ता राकेश यादव निवासी ग्राम सरैंदा पट्टी तहसील अमरिया व जिला पीलीभीत की आईजीआरएस की शिकायत का मौका मुआयना व स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मयंक गोस्वामी उप जिलाधिकारी अमरिया ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता राकेश यादव चकरोड की पैमाइश के सम्बन्ध में शिकायत की गई। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अमरिया के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण व भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें ग्राम सरैंदा पट्टी की गाटा संख्या 498 रकवा 0.0360 हे0 चकरोड है। जिसकी पूर्व में पैमाइश कराई जा चुकी है। उक्त चकरोड पर ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य कराया जा चुका है। चकरोड पर अब किसी भी प्रकार अवैध कब्जा नही है। उक्त शिकायत के निस्तारण से शिकायकर्ता संतुष्ट है। इस दौरान आर आर रमन तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

# हैदरगढ़: सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम शशांक ने सुना जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## शिकायतों का गंभीरता से करें निस्तारण : डीएम

## ज़िले में 118 शिकायतों का हुआ निस्तारण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील हैदरगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ मुहम्शमद शम्स तरबेज खाँ के साथ अन्य जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्याओं का निस्तारण गंभीरता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शिक़ायत कर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण करते समय अधिकारी शिकायत कर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करके इस बात को भी सुनिश्चित कर ले कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिली है या नहीं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि भूमि सम्बन्धी मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने एक फरियादी श्रीमती सोनी सिंह का राशनकार्ड तत्काल निर्गत करवाया। आवास, पेंशन, चकमार्ग व रास्ते, नाली की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। खतौनी में नाम आदि की त्रुटियों को सही करने के निर्देश भी दिए। जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 530 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 118 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तहसील हैदरगढ़ में संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों के 260 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 36 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम तहसील फतेहपुर में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 प्रकरणो का तत्काल निस्तारण कराया गया। इसी प्रकार तहसील सिरौलीगौसपुर व तहसील रामनगर तथा रामसनेहीघाट में उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया।

# यूपी वॉरियर्स के खिलाफ गलतियों में सुधार करने उतरेगा गुजरात जायंट्स

एजेंसी



वड़ोदरा। पहले मैच में करारी हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स को अगर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वापसी करनी है तो यूपी वारियर्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा।

गुजरात जायंट्स के बल्लेबाजों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने 202 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही। भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को अगर पहली गेंद पर ही जीवनदान नहीं मिला होता तो इस मैच का परिणाम भिन्न हो सकता था। घोष ने इसका पूरा फायदा उठाकर 26 गेंद पर 64 रन की तूफानी पारी खेल कर मैच का पासा पलट दिया। गुजरात जायंट्स की तनुजा कंवर ने भी एलिसे पेरी का कैच टपका दिया था जब वह दो रन पर बल्लेबाजी कर रही थीं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने भी इसका पूरा फायदा उठाया और 34 गेंदों में 57 रन बनाकर बेंगलुरु की जीत में अहम भूमिका निभाई। गुजरात जायंट्स के लिए उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन राहत की बात रही। उसकी तरफ से पूर्व कप्तान बेथ मूनी (56) और एशले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ यूपी वारियर्स एक नई कप्तान, भारत की दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी क्योंकि उनकी नियमित कप्तान एलिसा हीली ने लगातार चोटों के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है। दीप्ति सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का अहम अंग हैं लेकिन इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कभी भारत की कप्तानी नहीं की है। यूपी वॉरियर्स का इस सत्र में सबसे मजबूत पक्ष उसका स्पिन आक्रमण माना जा रहा है। उसके पास अनुभवी स्पिनर दीप्ति के अलावा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन जैसी धुरंधर स्पिनर भी है। इसके अलावा पिछले साल पांच टीमों की लीग में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग को भी अपनी टीम में शामिल किया है। वारियर्स के पास राजेश्वरी गायकवाड़ और गौहर सुल्ताना के रूप में अच्छी स्पिनर है। चमारी अटापट्टू और ग्रेस हैरिस उसके स्पिन आक्रमण में अन्य विकल्प हैं।

टीम इस प्रकार हैं: गुजरात जायंट्सः एशले गार्डनर (कप्तान), भारती फुलमाली, लौरा वोल्वार्ड्ट, फोएबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, दयालन हेमलता, डींड्रा डॉटिन, हरलीन देयोल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी (विकेटकीपर), काशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, शबनम शकील। यूपी वारियर्सः दीप्ति शर्मा (कप्तान), अरुशी गोयल, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, वृंदा दिनेश, चमारी अटापट्टू, चिनेले हेनरी, ग्रेस हैरिस, क्रांति गौड़, पूनम खेमनार, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्राथ, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अलाना किंग, अंजलि सरवानी, गौहर सुल्ताना, राजेश्वरी गायकवाड़, साइमा ठाकोर।

# ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार

एजेंसी




बेंगलुरु। ऑस्ट्रेलिया अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के बिना 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में उतरेगा लेकिन आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका शानदार रिकॉर्ड उसे दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार बनाता है। इन दोनों टीमों को हालांकि इंग्लैंड और अफगानिस्तान से कड़ी चुनौती मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी में शामिल टीमों का आकलन इस प्रकार हैः ऑस्ट्रेलियाः ऑस्ट्रेलिया बड़ी प्रतियोगिताओं के दबाव से निपटना अच्छी तरह जानता है और यही कारण है कि उसके नाम पर वनडे विश्व कप में छह, टी20 विश्व कप में एक और चैंपियंस ट्रॉफी में दो खिताब दर्ज हैं। यही वजह है कि उसे सीमित ओवरों की क्रिकेट की सबसे खतरनाक टीम माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है। कप्तान स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, जेक-फ्रेजर मैकगर्क, मार्नस लाबुशैन, ग्लेन मैक्सवेल जैसे बल्लेबाज किसी भी परिस्थिति में मैच का पासा पलटने में सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क के बिना खेलेगा जिससे उसका आक्रमण कमजोर हो गया है। ऐसी स्थिति में उसके बल्लेबाजों को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया के पास 50 ओवर के प्रारूप में अपना दबदबा बनाए रखने का मौका है और वह इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसके खिलाड़ी खेल की परिस्थितियों के अनुसार खेलने में माहिर हैं और टीम का पिछला रिकॉर्ड उनके लिए प्रेरणा का काम करेगा। ऑस्ट्रेलिया को हाल में श्रीलंका से दो वनडे मैच की श्रृंखला में 0S2 से हार सामना करना पड़ा था। लाबुशैन और मैकगर्क की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय होगी। इंग्लैंड के पास कई धुरंधर बल्लेबाज हैं। अगर जोस बटलर, फिल साल्ट, हैरी ब्रूक, जो रूट और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन करते हैं, तो यह गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हो सकता है। लेग स्पिनर आदिल रशीद ने हाल में भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था। चैंपियंस ट्रॉफी में भी धीमी गति के गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है और ऐसे में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इंग्लैंड के बल्लेबाज हाल में भारत के खिलाफ स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए। इंग्लैंड ने तीन मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाए। रूट और बटलर को छोड़कर उसका कोई भी बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने सहज नजर नहीं आया। इंग्लैंड की टीम ने कुछ समय पहले ही पाकिस्तान का दौरा किया था और वह परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है। रूट और बटलर की शानदार फॉर्म भी उसके लिए अच्छा संकेत है। इंग्लैंड के लिए अफगानिस्तान खतरा हो सकता है जिसके पास कई अच्छे स्पिनर हैं। यही नहीं इंग्लैंड के पास रशीद के रूप में केवल एक विशेषज्ञ स्पिनर है। भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका के पास भी विविधता पूर्ण खिलाड़ी हैं। उसके पास टेम्बा बावुमा और एडेन मार्करम जैसे पारी संवारने वाले तथा हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। उसके पास तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और स्पिनर केशव महाराज के नेतृत्व में एक संतुलित गेंदबाजी इकाई है। उन्हें परिस्थितियों से निपटने में सक्षम होना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मजबूत टीम होने के बावजूद हाल में पाकिस्तान से महत्वपूर्ण मैच में हारने के कारण त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जगह नहीं बना पाया था। वह पहले भी कई अवसरों पर महत्वपूर्ण मैच जीतने में नाकाम रहा है। इसके अलावा उसे तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की कमी भी खलेगी जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका का महत्वपूर्ण मैच में खराब प्रदर्शन करने का रिकॉर्ड रहा है। उसके पास इससे निजात पाने का -बहुत अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान उसकी राह में बाधा डाल सकते हैं। इससे बचने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी, जो हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ 350 से अधिक के लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहे थे। अफगानिस्तान के कई क्रिकेटर जैसे राशिद खान, हशमतुल्लाह शाहिदी, गुलबदीन नायब और रहमत शाह लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं और उनके बीच आपसी तालमेल बहुत अच्छा है। इसके अलावा अफगानिस्तान को अनुकूल परिस्थितियों में खेलने का मौका मिलेगा जिसका वह पूरा फायदा उठाना चाहेगा। उसने पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जो उसके लिए प्रेरणा का काम करेगा। अफगानिस्तान की टीम वनडे में पर्याप्त मैच अभ्यास के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में उतर रही है। उसने अपना आखिरी वनडे मैच दिसंबर 2024 में जिंबॉब्वे के खिलाफ खेला था। अफगानिस्तान ग्रुप चरण के अपने सभी मैच कराची और लाहौर में खेलेगा जहां स्पिनर की भूमिका अहम होगी। उसके पास राशिद, मोहम्मद नबी, नूर अहमद और नांगेयालिया खारोटे जैसे स्पिनर है जो परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। पिछले कुछ समय से अफगानिस्तान की मध्यक्रम की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा रही है, जिससे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ और इब्राहिम जादरान पर लगातार रन बनाने का काफी दबाव है। वे पिछले एक साल से ऐसा कर रहे हैं। वे निश्चित रूप से शाहिदी, नायब और अज़मतुल्लाह उमरज़ई से सहयोग की उम्मीद करेंगे।

## फिरोजा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे गुकेश

हैम्बर्ग (जर्मनी)। विश्व चैंपियन डी गुकेश यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच की दूसरी बाजी में ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे। गुकेश इस तरह से इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए और उनके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफ़ेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच जर्मनी के विंसेंट कीमर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खिताब जीता। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआत में सबसे कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को टूर्नामेंट से पहले खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन आखिर में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को ओडिशा सरकार देगी नकद पुरस्कार

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है। इन खिलाड़ियों में से स्वर्ण पदक विजेताओं को छह लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को चार लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को तीन लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। ओडिशा के खिलाड़ियों ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में कुल 46 पदक जीते। इनमें से 14 स्वर्ण, 15 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। राज्य ने फाइनल रैंकिंग में 12वां स्थान प्राप्त किया, और देश के शीर्ष 15 राज्यों में अपनी जगह बनाई। ओडिशा के खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा,ल्इस साल, ओडिशा ने राष्ट्रीय खेलों में अपनी छाप छोड़ी है, और शीर्ष 15 राज्यों में अपनी जगह बनाई है।ङ्क उन्होंने कहा कि 46 पदक जीतना, जिसमें 14 स्वर्ण शामिल हैं, राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि ओडिशा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, हम अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देना जारी रखेंगे ताकि वे राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर चमक सकें। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 38वें राष्ट्रीय खेलों ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 302 खिलाड़ी और 75 सहायक कर्मचारी थे। उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में, धावक अनिमेष कुजूर ने तीन स्वर्ण पदक जीते, जिम्नास्ट राकेश पात्रा ने दो स्वर्ण पदक जीते, जिम्नास्ट प्रणति नायक ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। साइकिलिस्ट स्वस्ति सिंह ने ओडिशा की पदक तालिका में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जोड़े।

## मैनचेस्टर सिटी को बड़ा झटका, डिफेंडर मैनुअल अकांजी 10 सप्ताह के लिए बाहर

लंदन। मैनचेस्टर सिटी की चोट की समस्याएं और गहरी हो गई हैं, क्योंकि स्विस डिफेंडर मैनुअल अकांजी जांघ की चोट के कारण लगभग 10 सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे। सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने शुक्रवार को न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ शनिवार को होने वाले प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की पुष्टि की। अकांजी को मंगलवार रात रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग प्ले-ऑफ में सिटी की 3-2 की हार के दौरान हाफटाइम पर बाहर होना पड़ा था। गार्डियोला ने बताया कि डिफेंडर की शनिवार को सर्जरी होगी और उन्हें ठीक होने में आठ से 10 सप्ताह का समय लग सकता है। कोच ने कहा, ''शनिवार को उनकी सर्जरी होगी। हमें उम्मीद है कि वह जल्द स्वस्थ होंगे। इस सीजन में उन्होंने अविश्वसनीय मेहनत की है, लेकिन अंततः शरीर ने संकेत दिया कि अब ब्रेक की जरूरत है।

# संक्षिप्त समाचार

## बैंक ऑफ इंडिया ने जुटाए 2,690 करोड़

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने आज एनएसई इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10 वर्षीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिए 2690 करोड़ रुपए जुटाने की घोषणा की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 7.50 प्रतिशत वार्षिक दर पर यह राशि जुटाई गई है। उसने कहा कि इस निर्गम का आधार आकार 1,500 करोड़ रुपये था, जिसमें 3,500 करोड़ रुपये का ग्रीन शू विकल्प था। बैंक को कुल 94 बोलियाँ मिलीं, जिनकी राशि 8,845 करोड़ रुपये थी, जो निर्गम का 5.90 गुना है। बैंक ने 2,690 करोड़ रुपये के 7.50 प्रतिशत के कट-ऑफ कूपन पर बोलियाँ स्वीकार कीं। 26 सफल बोलियाँ रहीं। दीर्घकालिक बॉन्ड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बुनियादी ढांचे के उप-क्षेत्रों और किफायती आवास में दीर्घकालिक परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। इस निर्गम के माध्यम से बैंक द्वारा जुटाई गई धनराशि किसी विशेष परियोजना के वित्तपोषण के लिए नहीं है।

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख ने भारत को 'सौर महाशक्ति' बताया

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने भारत को एक 'सौर महाशक्ति' कहा है। उन्होंने भारत से अपनी सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को शामिल करते हुए एक महत्वाकांक्षी जलवायु योजना विकसित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षेत्र में उछाल को और अधिक मजबूती से अपनाने से भारत की आर्थिक उन्नति को गति मिलेगी। 'ईटी ग्लोबल बिजनेस समिट' में भाग लेने के लिए भारत आए स्टील ने जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जहां कुछ सरकारें केवल बातें करती हैं, वहीं 'भारत काम करता है। उन्होंने कहा, भारत पहले से ही एक सौर महाशक्ति है, 100 गीगावाट से अधिक सौर ऊर्ज़ा स्थापित करने वाले केवल चार देशों में से एक है ऊर्ज़ा की पहुंच बढ़ रही है और देशभर के गांवों में 2018 तक बिजली पहुंचा दी जाएगी, जो तय समय से काफी पहले है। स्टील ने कहा, अब अगला कदम उठाने और भारत के 1.4 अरब लोगों और अर्थव्यवस्था के लिए और भी बड़े लाभ प्राप्त करने का वास्तविक अवसर है। भारत पहले से ही इस दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है, लेकिन वैश्विक स्वच्छ ऊर्ज़ा उछाल को और भी मजबूती से अपनाने से भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। स्टील ने कहा कि भारत के पास एक ऐसा अवसर है जो केवल कुछ ही देशों के पास है। यह है 'नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता के सैकड़ों गीगावाट को तैनात करने की महत्वाकांक्षी योजनाओं को साकार करना' हरित औद्योगिकीकरण की एक नई लहर का नेतृत्व करना, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का विकास, विस्तार और निर्यात करना।' उन्होंने कहा कि विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जलवायु योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख ने कहा कि भारत के नेताओं के पास समग्र अर्थव्यवस्था औद्योगिक रणनीतियों को गहरा करने का एक दुर्लभ अवसर है, जो तेजी से विकासशील दक्षिण एशियाई राष्ट्र को स्वच्छ ऊर्ज़ा और उद्योग में एक प्रमुख शक्ति बना देगा।

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक, सहयोगियों पर 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक एवं लेखा प्रमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपये के कथित गबन का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मामले को आगे की जांच के लिए शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिसमें जमाकर्ताओं द्वारा धन की निकासी पर प्रतिबंध भी शामिल है। आरबीआई ने बैंक में हाल ही में हुए घटनाक्रमों से पैदा हुई निगरानी संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए यह कदम उठाया। आरबीआई ने शुक्रवार को एक साल के लिए बैंक के बोर्ड को भंग कर दिया था और कामकाज के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया। प्रशासक की मदद के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया, बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन में जाकर धन के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और बैंक के प्रभादेवी तथा गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया।

# श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट: पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे श्याम लाल, श्रीराम कॉलेज

## इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा भी अंतिम चार में पहुंचे

एजेंसी



नई दिल्ली। 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान श्याम लाल कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने जगह बना ली है। लीग दौर के अंतिम मैच में श्याम लाल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किरोड़ीमल कॉलेज को 8-1 से पराजित किया। श्याम लाल कॉलेज की ओर से प्रियांशु ने तीन, नवीन बिधूड़ी ने दो, जबकि मोहित राणा, मनमोहन और अतुल ने एक-एक गोल किया। किरोड़ीमल कॉलेज के लिए विशाल ने एकमात्र गोल दागा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार श्याम लाल कॉलेज के हिमांशु लोहिया को मिला। वहीं, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 8-4 से हराया। इस मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की ओर से फरमान ने तीन, चिरंजीवी और शेखर ने दो-दो, जबकि राम यादव ने एक गोल किया। एमिटी यूनिवर्सिटी की तरफ से रूपेश बल्हारा ने चार गोल किए। फरमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्याम लाल कॉलेज एलुमनाई को 5-0 से शिकस्त दी। श्रीराम कॉलेज की ओर से विपिन नांदल ने दो, जबकि इंद्रपाल सिंह, विभांशु तिवारी और रितिक ने एक-एक गोल किया। इस मैच में विभांशु तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 4-0 से हराकर दमदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में पिंकी ने शानदार खेल दिखाते हुए तीन गोल, जबकि नेहा ने एक गोल किया। पिंकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुके हैं, जहां टीमें खिताब के लिए जोरदार टक्कर देने को तैयार हैं।

# एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की बिरला सैल्युलोस के साथ साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप कंपनियों आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड और टीएसीसी लिमिटेड ने टेक्सटाईल ऐप्लीकेशन्स के लिए ग्राफीन टेक्नोलॉजी के विकास हेतु ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सैल्युलोसिक फाइबर्स डिविज़न बिरला सैल्युलोस के साथ संयुक्त विकास करार किया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस करार के तहत ग्राफीन, हेक्ज़ागोनल लैटिस में कार्बन एटम्स की सिंगल लेयर होती है, जिसे मजबूती, संचालनशीलता और लाईटवेट गुणों के लिए जाना जाता है। इन गुणों का उपयोग इलेक्ट्रोनिक्स, एनर्जी स्टोरेज, कोटिंग्स, कम्पोज़िट, निर्माण सामग्री और टेक्सटाईल्स में किया जा सकता है। इस साझेदारी के तहत टीएसीसी लिमिटेड बिरला सैल्युलोस को ग्राफीन डेरिवेटिव्स की आपूर्ति देगा। बिरला सैल्युलोस टीएसीसी के ग्राफीन डेरिवेटिव्स का उपयोग कर विस्कॉस फाइबर्स का उत्पादन करेगा। आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ग्राफीन से बने इन विस्कॉस फाइबर्स का उपयोग टेक्सटाईल निर्माण के लिए करेगा। यह साझेदारी टेक्सटाईल इनोवेशन के मूल्यांकन में कारगर होगी, जिसके तहत ग्राफीन की विशेषताओं को फैब्रिक में शामिल कर इसे अधिक टिकाऊ एवं सस्टेनेबल बनाने तथा इसके परफोर्मेन्स में सुधार लाने के प्रयास किए जाएंगे।

# मेटा ने कहा, भारत सबसे लंबी समुद्री केबल परियोजना 'वाटरवर्थ' से जुड़ेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया प्रमुख मेटा ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे लंबी समुद्री केबल परियोजना 'वाटरवर्थ' से जुड़ेगा, जिसके इस दशक के अंत तक चालू होने की उम्मीद है। मेटा ने 'प्रोजेक्ट वाटरवर्थ' की घोषणा की है, जो पांच प्रमुख महाद्वीपों तक पहुंचेगा और 50,000 किलोमीटर से अधिक लंबा होगा। इसकी लंबाई पृथ्वी की परिधि से भी अधिक है। यह परियोजना अमेरिका-भारत संयुक्त नेतृत्व बयान का हिस्सा थी, जिसे 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद जारी किया गया था। मेटा के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, ङ्कमेटा भारत में निवेश कर रहा है, जो इसके सबसे बड़े बाजारों में से एक है। भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों को जोड़ने के लिए दुनिया की सबसे लंबी, सबसे अधिक क्षमता वाली और सबसे तकनीकी रूप से उन्नत समुद्री केबल परियोजना लाई जा रही है। इंटरनेट संचालन के लिए समुद्री केबल महत्वपूर्ण हैं। ये केबल देशों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। स्थानीय दूरसंचार परिचालक अपने ग्राहकों को इंटरनेट पहुंच देने के लिए समुद्री केबल से जुड़ते हैं। यह निवेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दूरसंचार परिचालक डेटा भार को कम करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मेटा सहित बड़ी तकनीकी कंपनियों से निवेश करने की मांग कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, ङ्कडिजिटल सेवाओं के लिए भारत की बढ़ती मांग से प्रेरित, यह निवेश आर्थिक वृद्धि, लचीले बुनियादी ढांचे और डिजिटल समावेशन के लिए मेटा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इससे भारत के डिजिटल परिदृश्य और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,170 रुपये से लेकर 87,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,910 रुपये से लेकर 80,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# हाशिए पर रहने वालों पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की चिंता करना जरूरी : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ साथ समाज में व्यवधान भी पैदा करती है इसलिए हाशिए पर रहने वाले समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता करना जरूरी है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने शनिवार को झारखंड के रांची में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होने जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए सरकार उभरते परिदृश्य के अनुरूप कदम उठा रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। अच्छे अवसर सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए और बदलाव का लाभ सभी को मिलना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर, हमारे आस-पास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवाओं को छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का सम्मान करने का यह एक उपयुक्त अवसर है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि यह संस्थान कई क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। देश में पहला अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेटरी विभाग 1964 में यहीं स्थापित किया गया था। इंजीनियरिंग उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमिता पार्क की स्थापना भी 1975 में यहीं की गई थी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बीआईटी मेसरा देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास में समृद्ध योगदान देना जारी रखेगा।

## मणिपुर में 10 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व तथा थौबल जिलों में अलग-अलग अभियानों में 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। उन्होंने खाबेइसोई-7 एमआर गेट इंफाल ईस्ट से केसीपी (पीडब्लूजी) के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में, सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के हीरोक-पीएस के तहत हीरोक पीटी-त्र्क्र चिंगडोमपोक क्षेत्र से केसीपी (नोयोन) के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक और अभियान में, इम्फाल ईस्ट जिले के लामलाई-पीएस के अंतर्गत तेरा माखोंग के पास नुंगोई अवांग लेईकाई से यूएनएलएफ (पंबेई) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया और इसी जिले के लुवांगसांगबाम से पीआरईपीएके के एक कैडर को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि काकचिंग जिले

## ड्रोन्स असेंबल करने में नहीं, सभी पुर्जे बनाने पर महारत ज़रूरी : राहुल

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ड्रोन्स तकनीकी पर हमारे युवाओं का कब्जा ज़रूरी है और इसे असेंबल करने की बजाय इसके सभी पुर्जे हमें तैयार करने होंगे तभी हम इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

श्री गांधी ने कहा ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीक़े को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है। लेकिन ड्रोन सिर्फ़ एक टेक्नोलॉजी भर नहीं हैं - वे एक मज़बूत इंडस्ट्रियल सिस्टम द्वारा ज़मीनी और छोटे-छोटे स्तर पर उत्पादन होने वाले नवाचार हैं। ड्रोन्स ने टैंक, तोप और यहां तक कि एयरक्राफ्ट कैरियर के महत्व को भी कम कर दिया है। एयर पावर को प्लाटून लेवल तक ला दिया है और युद्धक्षेत्र में खुफिया तंत्र एवं सटीकता को नया रूप दिया है। लेकिन यह क्रांति सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है, यह उद्योग, एआई और अगली पीढ़ी की तकनीक की भी बात है। उन्होंने इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया और कहा ह्लदुर्भाग्य से प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफल रहे हैं। ऐसे समय में जब वह एआई पर सिर्फ़ 'टेलीप्रॉम्प्टर' से पढ़कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे कंपीटीटर्स नई टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर रहे हैं। भारत को खोखले भाषणों की नहीं बल्कि मजबूत उत्पादन बेस की ज़रूरत है। असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं बल्कि उनके पीछे की इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन तंत्र को नियंत्रित करने में है लेकिन भारत इस क्षेत्र में नहीं बढ़ रहा है। हम एआई या तकनीक में नेतृत्व नहीं कर सकते अगर हमारा उत्पादन पर नियंत्रण नहीं है। हमने अपनी उपभोक्ता डेटा सौंप दी है, हम मुख्य कंपोनेंट्स नहीं बनाते हैं।

# पेज एक का शेष

## हजारों वर्ष की परंपरा...

ने भगवान राम को मां सीता के खोज के लिए प्रेरणा प्रदान की थी और राम-रावण युद्ध में आदित्यहृद्य स्त्रोत का मंत्र दिया था। हजारों वर्ष पहले से महर्षि के बारें में श्रद्धा को जो भाव तमिल के घर-घर में है, वही भाव काशी-उत्तराखंड में है। अगस्त्य मुनि के नाम पर उत्तराखंड में एक स्थल है और यहां भी अगस्त्य ऋषि के नाम पर कई मंदिर जुड़े हैं, जो हमें प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र के लोग काशी तमिल संगमम् के माध्यम से आज से लेकर 24 फ़रवरी तक जुड़ने जा रहे हैं। उन्हें महाकाशी के साथ-साथ प्रयागराज की त्रिवेणी में महास्नान व अयोध्या में रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम का हिस्सा छात्र, शिक्षक, शिल्पकार, साहित्यकार, संत, उद्योग जगत, व्यवसाय, देवालय, इनोवेशन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व संस्कृति से जुड़े लोग भी बनने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि काशी बाबा विश्वनाथ की पावन धरा है। कालभैरव यहां के रक्षक है, मां अन्नपूर्णा-मां विशालाक्षी, मां गंगा के पवित्र घाट, गंगा आरती, हनुमान घाट, सुब्रमण्यम भारती से जुड़े पवित्र स्थल आदि यहां देखने को मिलेंगे।

## प्रयागराज में बस...

(उम्र अज्ञात), शिवा राजपूत (करीब 60 वर्ष), दीपक वर्मा (उम्र अज्ञात) और राजू साहू (उम्र अज्ञात) शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मृतकों के परिजनों को दुर्घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया है।

## नाम में परिवर्तन...

19 में मौलिक अधिकार है। यूपी बोर्ड के नियम इन मूल अधिकारों से सुसंगत नहीं है, इसलिए यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। एकल पीठ में यांची शाहनवाज का नाम बदलकर मोहम्मद समीर राव करने और उसके हाई स्कूल व इंटरमीडिएट सहित अन्य सभी प्रमाण पत्रों ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड आदि पर नया नाम अंकित करने का निर्देश दिया था। प्रदेश सरकार की ओर से इस आदेश को विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने कई दलीलें दी। उनका कहना था कि मौलिक अधिकार निर्बाध नहीं है तथा इन पर कुछ सुसंगत प्रतिबंध भी हैं।

## 122 करोड़ के गबन....

प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया और उसकी सहायता के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की। बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर धन की हेराफ़ेरी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शनिवार तड़के मेहता और अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। मेहता को दक्षिण मुंबई स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय लाया गया और उसके अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया, शिकायत के अनुसार बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मेहता और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5) (लोक सेवकों, बैंकरों और भरोसेमंद पदों पर बैठे अन्य लोगों द्वारा आपराधिक विश्वासघात), धारा 61 (2) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दायरे को देखते हुए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया गया है। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है। इस सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में ज्यादातर मुंबई महानगर में हैं। गुजरात के सूरत में इसकी दो शाखाएं और पुणे में एक शाखा है।

## संविधान की व्याख्या के...

उच्चतम न्यायालय से आता है, तो यह एक बंधनकारी निर्णय होता है। निर्णयों के अलावा कोई अन्य प्रकार की अभिव्यक्ति संस्थागत गरिमा को अनिवार्य रूप से कमजोर करती है। फिर भी, मैंने जितना भी प्रभावी हो सकता है, मैंने संयम का प्रयोग किया है। मैं वर्तमान स्थिति की पुनः समीक्षा करने की मांग करता हूं, ताकि हम फिर से उस ढंग में लौट सकें, जो हमारे न्यायपालिका को ऊंचाई दे सके।

## लोकतांत्रिक भारत...

पैनल चर्चा से हुई। इसमें प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर, इलिसा स्लॉटकिन और त्रजास्कोव्स्की भी शामिल हुए। भारत को एक प्रभावी लोकतंत्र के रूप में रेखांकित किया। मौजूदा राजनीतिक निराशावाद के प्रति असहमति जताई। विदेशी हस्तक्षेप पर अपने विचार रखे। जयशंकर के अलावा, पैनल में नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर, अमेरिकी सीनेटर स्लॉटकिन और वारसॉ के महापौर रफाल त्रजास्कोवस्की शामिल हुए।

## सभी विवाद अदालत...

द्वारा नया रूप ले रहा है। उन्होंने कहा, ''ये सिर्फ अमूर्त समस्याएं नहीं हैं। ये मानवता, मानवीय गरिमा और स्वतंत्रता के लिए बहुत ही बुनियादी चुनौतियां हैं, जिनके लिए नये समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों – आरोपियों और पीड़ितों को सहायता दी जाती है।

## उच्चतम न्यायालय उपासना...

विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी रूप से रोक दिया था, जिसमें वाराणसी में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद सहित 10 मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण का अनुरोध किया गया था। संभल में शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई झड़पों में चार लोगों की जान चली गई थी।





# रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 16.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 05:30 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 14:20 | गाजियाबाद, कानपुर, सेंट्रल एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 02251 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 15:15 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 23:50 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:25 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:25 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 05:55 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, आगरा किला, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी एवं आणंद स्टेशन। |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 05296 | झँसी जं. | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 03417 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी जं. | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गुढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंघ, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला जं., सुलतानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी शहर, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूँसी स्टेशन |

### दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 05:30 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 14:20 | गाजियाबाद, कानपुर, सेंट्रल एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 02251 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 15:15 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 23:50 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:25 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:25 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 05:55 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 02275 | सूबेदार गंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 07384 | वाराणसी | 05:00 | हुब्बल्लि जं. | 00:45 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्करवाड़ी, सांगली, मिराज जं., कुदाची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकाक रोड, बेलगावी, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. और धारवाड़ स्टेशन |
| 09405 | अहमदाबाद जं. | 22:40 | जंघई जं. | 04:30 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 07108 | बनारस | 17:30 | विजयवाड़ा | 05:30 | वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चंदौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, सोन नगर, जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, तोरी, बरका काना, मुरी जं., रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., संबलपुर जं., बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम जं., कोट्टावलसा, पेंदुर्ती, दुव्वाडा, अनाकापल्ले, इलामंचिली, अन्नवरम, समालकोट जं., राजमुंद्री, निडदवोल जं., ताडेपल्लिगुडेम, एलुरु, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं. स्टेशन |
| 04722 | पाटलिपुत्र | 04:30 | बिकानेर जं. | 11:30 | दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, एटा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., महेन्द्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सदुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., राजलदेसर, श्री डूंगरगढ़, सूडसर और नापासर स्टेशन। |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 03418 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 03429 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंघ, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला जं., सुलतानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी शहर, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूँसी। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

# महाकुम्भ में नदी की स्वच्छता का बना वर्ल्ड रिकार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन तट पर देश और दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ मेला अपने दिव्यता, भव्यता और नव्यता विश्व पोर्टल पर बिखेर रहा है। पिछले कुम्भ 2019 में भी कई वर्ल्ड रिकॉर्ड बने थे और इस बार भी एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बनाया जा रहा है।

संगमनगरी प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में विभिन्न घाटों पर एक साथ 327 स्वच्छता कर्मी एक साथ नदी को साफ करने का काम करेंगे। इस सफाई का एक उद्देश्य है कि लोग जहां भी हैं नदी को साफ और स्वच्छ रखें। इसके साथ ही यह वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनेगा कि इतनी बड़ी संख्या में एक साथ कहीं पर भी सफाई कर्मी नदी को साफ करने में नहीं लगाए गए हैं। ओएसडी कुम्भ नगर आकांक्षा राणा ने बताया कि दुनिया में पहली बार महाकुम्भ में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। 327 सफाई कर्मियों ने एक साथ मल्टीपल लोकेशंस पर नदी साफ करने का कार्य किया है। इस एक्टिविटी के माध्यम से कुम्भ मेले से देश और दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि जहां पर भी नदी या पानी के जो भी सोर्स हैं, उसे साफ और स्वच्छ रखें। मेला प्रशासन प्रयागराज और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से यह कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। एक तरफ जहां कुम्भ के इतिहास में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है, वहीं एक साथ सफाई करके वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया है। नीरज अग्रवाल, प्रतिनिधि यूनेस्को वर्ल्ड रिकॉर्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट, कुम्भ मेला ने शनिवार को बताया कि यहां पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की बात हो रही है। कितने लोग नदी की सफाई में लगे हैं। यह गिनती करने पहुंचा हूं। क्योंकि मेला प्राधिकरण द्वारा जो दावा किया जा रहा है वह सही है या फिर नहीं है, यह देखा जा रहा है। क्योंकि चार्टर्ड अकाउंटेंट को रिपोर्ट देनी होती है। इसलिए स्थलीय निरीक्षण करना जरूरी है कि सभी लोग कार्य कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई बैठा होगा तो उसे बाहर कर दिया जाएगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा दावा किया जा रहा है की बड़ी संख्या में सफाई कर्मी रिवर को क्लीन कर रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट के ही इस रिपोर्ट पर ही गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मिलेगा। इसलिए जरूरी है कि सब कुछ दावा के मुताबिक जमीन पर दिखाई दे। नीरज अग्रवाल ने बताया कि सफाई करने वाले सभी लोगों को एक बैंड लगाया गया है। इसके साथ ही कलर कोड दिया गया है। ताकि बीच में कोई बदल ना सके और व्यक्ति कार्य कर रहा है कि नहीं इसकी मॉनीटरिंग की जा सके। कितने लोग उपस्थित हैं, इसकी काउंटिंग की गई है। मेला प्राधिकरण द्वारा जो दावा किया गया है वह सब कुछ सही है। गिनीज का वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि ने कहा कि अभी हम एक साइट पर मौजूद हैं। इसी प्रकार की दो और साइट है वहां भी जाकर देखेंगे। इसके बाद कितने लोग कार्य कर रहे हैं, उसकी गिनती करेंगे। एक साइट पर डेढ़ सौ लोग हैं, लेकिन क्या सभी लोग नदी को साफ कर रहे हैं। यह देखने के बाद ही सर्टिफिकेट दिया जाएगा। फिलहाल प्रयागराज मेला प्राधिकरण का दावा सही है। मौके पर सभी लोग गंगा नदी को साफ करते हुए पाए गए और एक साइट पर इतनी बड़ी संख्या में गंगा नदी को साफ करने का रिकॉर्ड कायम हो गया है। इसका प्रमाण भी मेला प्राधिकरण को मिल गया है।

# महाकुम्भ में कैसे गिने जाते हैं श्रद्धालु, पहली बार अंग्रेजों ने करायी थी गिनती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ जब 13 जनवरी को शुरू हुआ था, तब 40-45 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान था। लेकिन श्रद्धालुओं का आंकड़ा 14 फरवरी को 50 करोड़ की संख्या पार कर चुका है। अभी मेले को खत्म होने में 11 दिन शेष बचे हैं। श्रद्धालुओं का संगम की धरती पर आना लगातार जारी है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह आंकड़ा 55-60 करोड़ के बीच रहेगा।हालांकि श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या को लेकर कई तरह के सवाल भी उठते हैं। एक बड़ा सवाल यह है कि इस धार्मिक आयोजन में स्नान करने वालों यानी भीड़ के आंकड़े जुटाए कैसे जाते हैं? प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए अब अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन भीड़ के आंकड़े पहले भी आया करते थे और स्नान पर्वों पर भीड़ के तमाम रिकॉर्ड बनते और टूटते रहे हैं। आंकड़ों पर सवाल भी हमेशा उठते रहे हैं। गिनती की 1882 में हुई थी शुरूआत : इतिहास के पन्ने में उल्लेखित रिकॉर्ड के मुताबिक कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की पहली बार गिनती ब्रिटिश हुकूमत ने सन 1882 में की थी। उस वक्त प्रयागराज कुम्भ में आने वाली हर सड़क पर बैरिकेड्स लगा दिए जाते थे। फिर हर आने वाले की गिनती होती थी। रेलवे स्टेशन के टिकट को भी जोड़ा जाता था। उस कुम्भ में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे। इसके बाद यह संख्या हर कुम्भ में बढ़ती चली गई। लेकिन, गिनती का तरीका वही रहा। कैसे हो रही है अब गिनती : महाकुम्भ-2025 हाईटेक हो गया है। डिजिटल कैमरों के जरिए गिनती करना थोड़ा-सा आसान हुआ है। मेला प्रशासन ने पूरे शहर में 2700 कैमरे लगाए हैं। इनमें 1800 कैमरे मेला क्षेत्र में लगे हैं। 1100 स्थाई और बाकी के 700 अस्थाई कैमरे हैं। 270 से ज्यादा कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लैस हैं। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही कोई व्यक्ति आता है, उसकी गिनती हो जाती है। ये स्टेशन, मेला क्षेत्र के एंट्री पॉइंट, संगम एरिया और अखाड़ों के साइड में लगाए गए हैं। एआई बेस्ड कैमरे मिनट दर मिनट आंकड़े अपडेट करते हैं। एआई कैमरों की अहम भूमिका : महाकुम्भ मेला एसएसपी और मेला अधिकारी की मानें तो एआई कैमरे भीड़ की गिनती करने में इस बार अहम भूमिका निभा रहे हैं। मेला प्रशासन भीड़ की कुल तीन तरह से गिनती करता है। पहला-मेला क्षेत्र में कितने लोग मौजूद हैं? दूसरा-कितने लोग चल रहे हैं? तीसरा-कितने लोग स्नान कर रहे हैं? जो व्यक्ति मेले में मौजूद हैं, वह दिन में एक बार काउंट होगा। लेकिन अगर वही अगले दिन फिर आता है तो वह दोबारा भी काउंट होगा। पहली बार एआई के जरिए गिनती की जाती है। यह एक इमर्जिंग टेक्नोलॉजी है, जिसका पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रयोग हो रहा है। करीब 225 एआई कैमरे लगे हैं। जो भी इसकी रेंज में आता है, उसकी गिनती होती है। मेला क्षेत्र में और मेला क्षेत्र में पहुंचने वाले रास्तों पर इन्हें लगाया गया है। इसके अलावा पुराने तरीके से भी गिनती हो रही है, वह गणित के एक फॉर्मूले के आधार पर की जा रही है। हालांकि कोई भी तरीका किसी भी जगह सौ प्रतिशत एरर फ्री नहीं होता।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### जालंधर में 303 ग्राम हेरोइन के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 303 ग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शनिवार को बताया कि 11 फरवरी, 2025 को भगवान वाल्मीक गेट के पास नियमित गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दो पुरुषों और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा। उनमें से एक ने काले रंग का पॉलीथिन बैग पकड़ा हुआ था और भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे तुरंत पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि छोड़े गए बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। पूछताछ के बाद राधिका उर्फ ??पिंकी ने ड्रग नेटवर्क में अपनी संलिप्तता कबूल की। ??उसकी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिधिपुर फाटक के पास एक छिपे हुए स्थान से 273 ग्राम अतिरिक्त हेरोइन बरामद की। इसके परिणामस्वरूप, एफआईआर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 जोड़ी गई। श्री शर्मा ने बताया कि आगे की जांच में दो अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आई और उनसे और बरामदगी हुई। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तनिश कुमार उर्फ ??तनु (जालंधर), भरत उर्फ ??शानू (अमृतसर), राधिका उर्फ ??पिंकी (जालंधर), दिनेश कुमार (जालंधर) और दीपक उर्फ ??क्रेला (जालंधर) के रूप में हुई है। सीपी ने बताया कि पुलिस ने अब तक 303 ग्राम हेरोइन, एक छोटी इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और 10 छोटे प्लास्टिक पॉलीथीन बैग बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया और आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के वृंदावन चंवर में एक साथ तीन महिलाओं का शव बरामद

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया अनुमंडल क्षेत्र अन्तर्गत वृंदावन स्थित एक चंवर (खाली–सुनसान स्थान) में शनिवार को एक साथ तीन महिलाओं का शव पानी में उपलाते हुए बरामद हुए हैं। तीनों शव सड़े–गले अवस्था में हैं,जिससे उसकी पहचान करने में काफी मुश्किल हो रही है। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इन शवों को कहीं दफनाया गया था, जो अब पानी में उपलाकर बाहर आ गए हैं। इस घटना की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस की एक टीम तो पहुंची,लेकिन चकिया और कल्याणपुर थाना की पुलिस सीमा विवाद में दोनों थाना की पुलिस देर तक उलझी रही। जिस कारण तीनो शव अभी भी पानी से निकाला नही जा सका है। इस घटना को लेकर चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है और इस मामले की जांच कल्याणपुर पुलिस द्वारा की जा रही है। शवों को निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा और जल्दी ही मामले का खुलासा भी कर लिया जाएगा। हालांकि घटना बेहद रहस्यमयी और भयावह प्रतीत होती है। शवों की स्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ये किसी समय मिट्टी में दफनाए गए थे, जो अब पानी में उपलाने के बाद बाहर आ गए हैं। पुलिस शवो की स्थिति का विश्लेषण कर मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

### जिला स्तरीय नियोजन–सह–व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 16 फरवरी को

**कटिहार।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा कटिहार में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन–सह–व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 16 फरवरी को संयुक्त श्रम भवन डहेरिया, लेबर सेंटर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में लगभग 10–12 स्थानीय नियोजक और 20–25 राष्ट्रीय स्तर के नियोजक भाग ले रहे हैं। मेले में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के नियोजकों में एसआईएस सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस लिमिटेड, नवभारत फर्टिलाइजर, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, एमआरएफ लिमिटेड, आंधने प्राइवेट लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, बीएसीईएस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, जोमाटो इंडिया, शिवसाक्ति अग्रीटेक लिमिटेड, जी4एस सिक्योरिटी सहित स्थानीय नियोजक शामिल हैं। शनिवार को जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि मेले में कटिहार जिले के अन्य सरकारी कार्यालयों को भी अपने–अपने स्टॉल लगाने हेतु आमंत्रित किया गया है। इसके माध्यम से मेले में आने वाले युवाओं को बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि बिहार के किसी भी जिला नियोजनालय में निबंधित छात्र इस नियोजन मेला में भाग ले सकते हैं। मेले में भाग लेने हेतु उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो, रिज्यूम एवं सभी मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति अवश्य लायें।

### जीविका दीदी से 2.15 लाख छिनतई मामले का उद्भेदन,दो गिरफ्तार

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र में फुलवरिया हाट के समीप 11 फरवरी को हुए दिनदहाड़े 2.15 लाख रूपये की छिनतई के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।घटना की मुख्य सूत्रधार केस करने वाली शिकायतकर्ता जीविका दीदी ही निकली।उन्होंने ही जीविका स्वयं सहायता समूह की पैसे को हजम करने के लिए यह षडयंत्र रची थी।पुलिस ने मुख्य सूत्रधार जीविका दीदी टेढ़ी मुसहरी वार्ड संख्या 3 की रहने वाली 27 वर्षीय कंचन भारती पति सहदेव मेहता और छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले जोगबनी थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर वार्ड संख्या 7 के रहने वाले 32 वर्षीय विजय कुमार मेहता पिता रमेश मेहता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों के पास से 2.15 लाख रूपये में से 1.69 लाख रूपये, वादिनी का छीना हुआ पर्स और उसमें रखे उसके मोबाइल,घटना में प्रयुक्त एक्सट्रीम बाइक,हेलमेट,दो मोबाइल,एक अन्य बाइक,घटना में प्रयुक्त पैंट, शर्ट, जूता आदि बरामद किया।जानकारी फारबिसगंज थाना में शनिवार को फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी।पुलिस ने जीविका दीदी से छिनतई की घटना का शत प्रतिशत खुलासा कर लिया है। फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि 11 फरवरी को फुलवरिया हाट के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकालकर जा रही कंचन भारती पति–सहदेव मेहता के हाथ से पर्स,मोबाईल,215 लाख रुपैया सहित सफ़ेद रंग के एक्सट्रीम बाईक पर सवार बदमाश द्वारा झपट्टा मारकर भाग निकला था।मामले में फारबिसगंज थाना में कांड संख्या 84/25, दिनांक–12 फरवरी 25 धारा–134/304(2) बीएनएस दर्ज किया गया था।

# राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर 'मौली' पहुंचा मुख्यमंत्री आवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर 'मौली' समापन के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचा, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उसका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान मौली की सक्रियता ने लोगों का दिल जीत लिया। उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर मौली (मोनाल पक्षी) का राज्य के हर जनपद में भव्य स्वागत हुआ। यह शुभंकर पूरे देश में चर्चा का केंद्र बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का राज्य पक्षी मोनाल अपनी विशिष्टता के कारण पूरे देश में पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों ने उत्तराखंड को देवभूमि और वीरभूमि के साथ ही खेल भूमि के रूप में नई पहचान दिलाई है। राज्य में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास और नई खेल नीति के कारण उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड ने 103 पदक जीतकर शीर्ष सात राज्यों में जगह बनाई, जबकि 37वें राष्ट्रीय खेलों में यह राज्य 25वें स्थान पर था। 38वें राष्ट्रीय खेलों को 'ग्रीन गेम्स' के रूप में भी याद किया जाएगा, जहां ई-वेस्ट से बने मेडल और पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम से पौधारोपण की पहल की गई।

# मीटर रीडिंग में मानवीय हस्तक्षेप होगा समाप्त, स्मार्ट मीटर से घटेंगी शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में स्मार्ट मीटर लगने से बिजली उपभोक्ताओं की बिलिंग और रीडिंग संबंधी शिकायतों में अप्रत्याशित कमी आएगी। इस प्रणाली से मीटर रीडिंग में मानवीय हस्तक्षेप पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। शनिवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्मार्ट मीटर उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्ट मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं और उपभोक्ताओं को बिजली खपत की सटीक जानकारी, भुगतान के विकल्प और बिजली उपयोग की तुलना जैसी सुविधाएं देंगे। उन्होंने बताया कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो भारत सरकार के सहयोग से भी सभी राज्यों में चलाया जा रहा है। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने कहा कि अभी यूपीसीएल के उपभोक्ता शिकायत निवारण केंद्र के साथ ही सीएम हेल्पलाइन और विभागीय शिविरों में सबसे अधिक शिकायतों बिलिंग और रीडिंग को लेकर आती हैं। अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर रीडिंग में मानवीय हस्तक्षेप समाप्त हो जाएगा, इससे बिलिंग सम्बन्धी शिकायतों में अप्रत्याशित कमी आएगी।

# मोदी सरकार का केंद्रीय बजट समाज के हर वर्ग के हित में : बाघा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष राजेश बाघा ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय आम बजट को लेकर विपक्षी पार्टियां जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं जबकि सच्चाई यह है कि यह बजट किसानों, मजदूरों, दुकानदारों और हर वर्ग के हित में है। श्री बाघा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार लगातार किसानों और आम जनता की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद करेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार बढ़ोतरी की है और कृषि संरचना को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत करोड़ों किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे किसानों को झूठी बातें फैलाकर भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। श्री बाघा ने कहा कि कच्चे मकानों को पक्का करने की योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि और इसके दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे गरीब परिवारों को बड़ा लाभ मिलेगा, जबकि लोन लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य में लागू करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

# आआपा के तीन पार्षद भाजपा में हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के तीन पार्षद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनमें एंड्रयूजगंज की पार्षद अनीता बसोया, हरिनगर से पार्षद निखिल चपराना और आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर शामिल हैं। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी कार्यालय में तीनों निगम पार्षदों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि तीन पार्षदों के पार्टी बदलने के फैसले से राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बन सकती है, जिसमें केंद्र, राज्य और नगर निगम स्तर पर भाजपा का बहुमत होगा। सचदेवा ने कहा कि पार्षद दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि पिछली सरकार के सारे कुकर्म खत्म होने जा रहे हैं और सजा भी उसी हिसाब से दी जाएगी। चाहे शीश महल हो, शराब घोटाला हो, जल बोर्ड घोटाला हो, पैनिक बटन घोटाला हो, राशन कार्ड घोटाला हो या मोहल्ला क्लीनिक घोटाला हो। दिल्ली को लूटने का काम करने वाले हर व्यक्ति को सजा मिलेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार काम करेगी। मोदी की गांरटी के अंदर दिल्ली के विकास के लिए जो भी वादे भाजपा ने किए है वे सभी वादे पूरे किए जाएंगे।

# बिहार के भागलपुर में तीन लोगों की हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मकनपुर गांव के रहने वाले युवक छोटू ने बीते देर श्याम अपने चाचा सहित दो लोगों की हत्या कर दी। एक अन्य युवक को भी पीट-पीट कर जख्मी कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण वहां एकत्रित हुए। फिर आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को बांधकर जमकर पीटा। उधर घायल आरोपी युवक की इलाज के दौरान जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय मायागंज अस्पताल में बीते देर रात मौत हो गई। तीन लोगों की हत्या की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। आरोपी मृतक छोटू के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था। आरोपी मृतक की पिटाई से उसके चाचा राजीव राय की गांव के बाहर में मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से जख्मी जयप्रकाश की मायागंज अस्पताल में देर रात मौत हो गई। इस घटना को लेकर डीएसपी सीटी दो राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल की टीम भी जांच के लिए जुटी हुई है। घटना के पीछे का कारण पता नहीं चल पाया है। आरोपी की मौत हो गई है। वह मानसिक रूप से बीमार था। मानसिक रूप से बीमार युवक ने अपने चाचा की गला रेत कर हत्या कर दी। उसके चाचा के गले के ऊपर के भाग का पता ही नहीं चला है। इस बात की आशंका जताई जा रही है की धारदार हथियार से उसने चाचा राजीव राय का गला रेत कहीं फेंक दिया है। चाचा की हत्या करने के बाद देर शाम वह हाथ में डंडा लिए खुलेआम घूमने लगा। इस दौरान ग्रामीण जयप्रकाश उसे दिख गया और उसे पर डंडे से हमला कर दिया। उसे पीटने के बाद अपने दरवाजे पर बैठ मोबाइल देख रहे युवक छोटू कुमार पर भी हमला कर दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063